दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। गुरुवार 27 नवम्बर-2025 | वर्ष : 10 अंक : 339 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







# कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी अधिकार मिल गए हैं। गुजरात के अहमदाबाद में ये खेल कराए जाएंगे। ग्लास्गो में बुधवार को हुई राष्ट्रमंडल खेल आमसभा की बैठक के दौरान भारत को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी आधिकारिक तौर पर सौंपी गई है। 2010 के बाद यह पहला अवसर है जब भारत इन खेलों की मेजबानी करेगा। 2010 में नई दिल्ली में इन खेलों का आयोजन कराया गया था।




**74 राष्ट्रमंडल सदस्यों देशों के प्रतिनिधियों ने किया अनुमोदन :** राष्ट्रमंडल खेल महासभा में 74 राष्ट्रमंडल सदस्य देशों और क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भारत की 2030 की दावेदारी का अनुमोदन किया। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा और गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी सहित अन्य लोगों ने किया। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डॉक्टर डोनाल्ड रुकारे ने कहा, भारत राष्ट्रमंडल खेलों में पैमाना, युवा, महत्वाकांक्षा, समृद्ध संस्कृति और प्रासंगिकता लेकर आया है। यह राष्ट्रमंडल खेलों के लिए एक नए स्वर्ण युग की शुरूआत है।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2034 और उसके बाद के खेलों की मेजबानी के लिए कई देशों की गहरी रुचि है। हम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपनी अगली शताब्दी की शुरूआत सकारात्मकता के साथ कर रहे हैं।

**अहमदाबाद के अलावा अबुजा भी था दौड़ में शामिल :** पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेल कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद में इन खेलों के आयोजन की सिफारिश की थी। अब ग्लास्गो में हुई आमसभा की बैठक में इसे अंतिम मंजूरी मिल गई है। अहमदाबाद के अलावा नाइजीरिया का अबुजा मेजबानी की दौड़ में शामिल था, लेकिन भारत बाजी मारने में सफल रहा। हालांकि, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने 2034 के खेलों की मेजबानी के लिए अफ्रीका के इस शहर के नाम पर विचार करने का फैसला किया। राष्ट्रमंडल खेल को 2030 में 100 साल भी पूरे होने जा रहे हैं, ऐसे में इस ऐतिहासिक मौके पर भारत में इन खेलों का आयोजन होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

**पीटी उषा ने विश्वास के लिए जताया आभार :** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने मेजबानी मिलने पर खुशी जाहिर की कहा कि भारत उस पर दिखाए गए विश्वास के लिए सभी का आभारी है। उन्होंने कहा, राष्ट्रमंडल खेलों द्वारा दिखाए गए विश्वास से हम बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं। 2030 के खेल न केवल राष्ट्रमंडल मूवमेंट के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाएंगे, बल्कि अगली सदी की नींव भी रखेंगे।

# भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणम् समारोह की तैयारियां तेज, सीपी व डीएम ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

## व्यवस्थाओं में न हो किसी तरह की कमी : सीपी व डीएम के सख्त निर्देश

### आयोजन गरिमा व सौहार्द के साथ संपन्न हो : जिलाधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** तरूणसागरम्, बसंतपुर सेंतली, दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित मुरादनगर क्षेत्र में भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणम् एवं नवनिर्मित गुफा का भव्य उद्घाटन समारोह 27 नवंबर 2025 को प्रस्तावित है। इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई विशिष्ट अतिथियों के सम्मिलित होने की संभावना है।

आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ एवं जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, श्रद्धालुओं की आवाजाही, मंच निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाएँ, पेयजल, साफ़सफाई और अग्नि सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।











### सुरक्षा व यातायात प्रबंधन में चूक न हो : पुलिस कमिश्नर

करंट क्राइम। निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम है, इसलिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए, ताकि आयोजन पूरी गरिमा एवं सौहार्द के साथ संपन्न हो सके। इस दौरान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वंचितों तक योजनाओं की पहुंच तेज करें, क्रियान्वयन में नहीं चलेंगे बहाने : प्रभारी मंत्री असीम अरुण का निर्देश

## 'पात्रों को समय पर लाभ मिले, जनप्रतिनिधि और अधिकारी समन्वय में काम करें"







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाज कल्याण विभाग के स्वतंत्र प्रभार एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण समन्वय बैठक की। बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुँच तेजी और पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

मंत्री ने स्पष्ट कहा कि वंचित वर्गों के हित में चलाई जा रही किसी भी योजना के क्रियान्वयन में ढिलाई स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने पेंशन, छात्रवृत्ति, विवाह अनुदान, आवास सहायता समेत सभी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पर सख्ती से फॉलोअप करने के निर्देश दिए।

असीम अरुण ने अधिकारियों से कहा कि पात्र व्यक्तियों की पहचान में तेजी लाई जाए तथा हर योग्य लाभार्थी को योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी परस्पर समन्वय बनाकर काम करें ताकि अंतिम पायदान तक लाभ समयबद्ध ढंग से पहुँचे।

मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता से प्रशासन तक पहुँचाएँ, ताकि बेहतर और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके।

बैठक में विधायक संजीव शर्मा, विधायक डॉ. मंजू सिवाच, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष, पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम योगी के दौरे को लेकर पुलिस अलर्ट, सुरक्षा के खास निर्देश जारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के लिए पुलिस ने सुरक्षा और ट्रैफिक को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कार्यक्रम के चलते शहर में कई जगह अतिरिक्त पुलिस तैनात की जाएगी और निगरानी बढ़ाई जाएगी।

**ड्रोन पर पूरी तरह प्रतिबंध :** कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों में किसी भी तरह का ड्रोन, कैमरा ड्रोन या यूएवी उड़ाना पूरी तरह से मना रहेगा। वहीं होटलों और सार्वजनिक जगहों पर जांच सख्त। होटल, गेस्ट हाउस, ढाबों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर आने-जाने वालों की पुलिस खास चेकिंग करेगी। संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही अनधिकृत वाहन नहीं जा सकेंगे। कार्यक्रम स्थल के आसपास बिना अनुमति के कोई भी वाहन पार्क या प्रवेश नहीं कर सकेगा। पुलिस ऐसे वाहनों को तुरंत हटाएगी। तो सोशल मीडिया पर निगरानी भ्रामक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट करने वालों पर पुलिस सीधे कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही धार्मिक और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त गश्त पुलिस ने शहर के संवेदनशील स्थानों पर भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए टीमों को खास निगरानी के निर्देश दिए हैं।

**पुलिस ने बनाया सुरक्षा का प्लान :** पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सहयोग करें और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में मदद करें। ये निर्देश 27 नवंबर की मध्यरात्रि तक लागू रहेंगे।

# सीएम के कार्यक्रम को लेकर कई मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना क्षेत्र मुरादनगर में निर्धारित सीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्जन की विस्तृत योजना जारी की है। सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने के लिए सुबह आठ बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक भारी, मध्यम व हल्के वाणिज्यिक वाहनों का प्रवेश कई मार्गों पर प्रतिबंधित रहेगा।

**ट्रैफिक पुलिस लागू डायवर्जन**
मुरादनगर/मोदीनगर की ओर वाहनों का आगमन प्रतिबंधित : हिंडन नहर (हिनौता) से आने वाले सभी भारी/मध्यम/हल्के वाणिज्यिक वाहन ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुँचेंगे।
ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से मुरादनगर/मोदीनगर की ओर आने वाले वाहन भी प्रतिबंधित : परिक्षितगढ़/कुण्डली की दिशा से आने वाले वाणिज्यिक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा।
मोदीनगर से मुरादनगर/गाजियाबाद की ओर आने वाले वाणिज्यिक वाहन डायवर्ट : ऐसे सभी वाहन राज कौपचा मोदीनगरझभोजपुर मार्ग होते हुए दिल्लीझमेरठ एक्सप्रेसवे का उपयोग कर आगे बढ़ेंगे।
पुलिस का अनुरोध : सभी वाहन चालक जारी डायवर्जन योजना का अनुपालन करें और अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।
त्रिगुण बिसेन, डीसीपी ट्रैफिक,
कमिश्नरेट गाजियाबाद

# जब रंग दे बसंती गीत बजते ही झूम उठे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा फिर समर्थक भी जमकर नाचे और बंध गया वहां राष्ट्रभक्ति का एक समां




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा इन दिनों अलग अलग अंदाज में हैं। वो कथा के मंच पर कथावाचक बन जाते हैं। व्यास गद्दी पर बैठकर लगातार दो घंटे प्रवचन देते हैं। जब उनके हाथ में माईक आता है तो वो शस्त्रों की बात करते हैं। वो सुविधाओं से ज्यादा सुरक्षा पर ध्यान देने की बात कहते हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सुबह सवेरे साहिबाबाद के पार्कों में नजर आते हैं। हेल्थ को लेकर संदेश देते हैं और लोगों से मुलाकात करते हैं। हिंदुत्व का वो एक ऐसा फेस हैं जो नपे-तुले शब्दों में एक बड़ा संदेश दे रहे हैं। एक बार फिर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का किरदार राष्ट्रभक्ति के प्रेम में झूमता दिखाई दिया। वो सरकार के मंत्री हैं और खोड़ा में सरदार पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी के लिए पहुंचे थे।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मंझे हुए पोलीटिशियन है और उनकी संदेश देने की टाईमिंग बहुत गजब की है। वो जनता की नब्ज पहचानते हैं और ये जानते हैं कि कौन से मंच पर कौन सा पंच देना है। खोड़ा में वो जिस कार्यक्रम में पहुंचे थे वहां प्रभारी मंत्री भी थे। इसी बीच यहां जोश को और अधिक बढ़ाने के लिए म्यूजिक साउंड भी रखा गया था। सब कुछ सामान्य चल रहा था। प्रभारी मंत्री असीम अरूण के साथ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा बैठे थे। तभी अचानक 'रंग दे बसंती चोला' गीत बजा। इस गीत को सुनते ही कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा राष्ट्रभक्ति के रंग में डूब गये। उनके कदम थिरकने लगे और फिर उन्होंने अपने कदमों को और खोला और उनकी इस मस्ती को देखकर समर्थक भी आ गये। फिर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा 'रंग दे बसंती चोला' पर जमकर झूमे और थिरके। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के इस डांस अंदाज को देखकर उनके समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता भी अपने कदमों को रोक नहीं सके। वो भी आ गये और फिर इस गीत पर जमकर डांस हुआ। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के इस जोश भरे नृत्य को समर्थकों ने सोशल मीडिया पर भी जमकर शेयर किया।

# आईएएस अधिकारी संतोष के खिलाफ ब्राह्मण समाज में पनपा जबरदस्त असंतोष


# आज कलैक्ट्रेट पर होगा बड़ा प्रदर्शन और करेंगे विरोध











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कई बार शब्द जब अपनी मर्यादा का उल्लंघन करते हैं तो फिर उन शब्दों के खिलाफ जन आक्रोश आता है। आमतौर पर राजनीतिक स्तर पर जुबान कई बार बहक जाती है लेकिन इस बार मामला एक अधिकारी का है। आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने आरक्षण को लेकर एक ऐसी टिप्पणी की जो ब्राह्मण समाज के लिए अमर्यादित थी। एससी-एसटी अधिकारी कर्मचारी संगठन अजावस के प्रांत अध्यक्ष बनते ही आईएएस अफसर संतोष वर्मा ने एक विवादास्पद बयान दिया। उनके बयान में निशाने पर ब्राह्मण समाज था और यहां उन्होंने ब्राह्मण बेटियों को लेकर भी बेहद आपत्तिजनक शब्द कहे। वर्मा तो अपनी बात कहकर अलग हो गये लेकिन उनके इस बयान से समाज में जातिगत वैमनस्य की खाई गहरी होने वाली है। ब्राह्मण समाज ने मार्चा खोला है। सबसे बड़ी बात ये है कि केवल बाह्मण समाज ने ही नहीं अन्य समाज के लोग भी इस बयान के विरोध में आये। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने इस पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा नेता अनिल खेड़ा ने इस बयान को लेकर आपत्ति जताई और इसके अलावा कई महिला संगठन भी सामने आ गये। आईएएस अधिकारी के इस बयान के बाद लगातार विरोध बढ़ रहा है। सभी दलों के नेताओं का कहना है कि एक आईएएस अधिकारी के मुख से ये बात नहीं आनी चाहिए थी। आरक्षण की मांग एक अलग मुद्दा है लेकिन उस मांग के बीच में किसी भी समाज की बहन बेटियों के प्रति अमर्यादित टिप्पणी नहीं होनी चाहिए थी।

### आज कलैक्ट्रेट पर फूंका जायेगा आईएएस संतोष वर्मा का पुतला



करंट क्राइम। आईएएस अधिकारी के बयान को लेकर महिलाओं और ब्राह्मण समाज के संगठनों में काफी आक्रोश है। ब्राह्मण समाज की संस्थाओं ने आज 11 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर संतोष वर्मा का पुतला फूंकने का ऐलान किया है। इसके अलावा राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने कहा है कि वो संतोष वर्मा पर एफआईआर दर्ज कराने की भी मांग करेंगे। इसके अलावा पुतला भी फूंका जायेगा।



# 'गुलामी की मानसिकता को खत्म करता है संविधान' : राष्ट्रपति मुर्मू






**नई दिल्ली।** पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में बुधवार को संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज के दिन 26 नवंबर 1949 में संविधान सभा के सदस्यों ने भारत संविधान के निर्माण का कार्य संपन्न किया था। आज के दिन हम भारत के लोगों ने अपने संविधान को अपनाया था।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'स्वाधीनता के बाद संविधान सभा ने भारत की अंतरिम संसद के रूप में भी कर्तव्य का निर्वाहन किया। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर हमारे संविधान के प्रमुख निमार्ता में से थे। बाबा साहब के 125 वीं जयंती के वर्ष में यानी 26 नवंबर 2015 में प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था।' राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान राष्ट्र की पहचान की आधारशिला है और गुलामी की मानसिकता को त्यागने तथा राष्ट्रवादी सोच अपनाने का मार्गदर्शक दस्तावेज भी है। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने तीन तलाक, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), अनुच्छेद 370 समेत कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि तीन तलाक से जुड़ी सामाजिक बुराई पर अंकुश लगाकर संसद ने हमारी बहनों और बेटियों के सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए।

> 'आज के दिन हम भारत के लोगों ने अपने संविधान को अपनाया'

उन्होंने कहा कि जीसएटी के रूप में आजादी के बाद सबसे बड़ा कर सुधार देश के आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए लागू किया गया।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के खत्म होने से एक ऐसी बाधा हटी, जो देश के समग्र राजनीतिक एकीकरण में बाधा बन रही थी। राष्ट्रपति ने कहा, 'नारी शक्ति बंधन अधिनियम महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के एक नए युग की शुरूआत करेगा। इस वर्ष 7 नवंबर से हमारे राष्ट्रगान, वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव आयोजित किया जा रहा है।'

# 2008 को मुंबई में हुए 26/11 की 17वीं बरसी

## सभी तरह के आतंकवाद से लड़ने का वादा फिर से पक्का करें : राष्ट्रपति

**मुंबई।** नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले की आज 17वीं बरसी है। इस मौके पर मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुंबई हमले में मारे गए बलिदानियों को याद किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने लोगों से अपील की कि वे अपना आतंकवाद से लड़ने का वादा फिर से पक्का करें। वहीं राज्यसभा सांसद उज्जवल निकम ने मुंबई हमले को लेकर पाकिस्तान की चुप्पी पर सवाल उठाए और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान की आर्थिक मदद बंद करने की अपील की।




**राष्ट्रपति मुर्मू ने बलिदानियों को किया याद :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के दौरान देश की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और देशवासियों से सभी तरह के आतंकवाद से लड़ने का अपना वादा फिर से पक्का करने को कहा। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में कहा कि देश उनके सबसे बड़े बलिदान को कृतज्ञता के साथ याद करता है। राष्ट्रपति ने लिखा '26/11 मुंबई आतंकी हमलों की बरसी पर, मैं उन बहादुर सैनिकों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने हमारे देश के लोगों की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। देश उनके सबसे बड़े बलिदान को कृतज्ञता के साथ याद करता है। आइए, सभी तरह के आतंकवाद से लड़ने का अपना वादा फिर से पक्का करें। हम सब मिलकर तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ें और एक मजबूत और खुशहाल भारत बनाने का संकल्प लें।'

पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (छीळ) के दस आतंकियों ने 26 नवंबर, 2008 को समुद्र के रास्ते मुंबई आकर 60 घंटे की घेराबंदी के दौरान 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोगों को मार डाला था।

राज्यसभा सांसद और मुंबई हमले के विशेष अभियोजक रहे उज्जवल निकम ने मुंबई हमले की बरसी के मौके पर कहा कि 'हमले को 17 साल बीत चुके हैं।

हर भारतवासी को ये दिन याद रहता है। मुझे याद है कि जब हम पाकिस्तान गए थे, तब हमारी सरकार ने मुंबई हमले का मुद्दा उठाया था। हमने हमले के जिम्मेदार लोगों और साजिशकताओं के खिलाफ हुई कार्रवाई के बारे में पूछा।

# पंजाब में तैयार हो रहा ही-मैन धर्मेंद्र का स्टैच्यू

## मूर्तिकार इकबाल देंगे अनोखे अंदाज में श्रद्धांजलि

**मोगा (पंजाब)।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर को निधन हो गया। मुंबई के विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान भूमि में अभिनेता का अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन के बाद इंडस्ट्री में मातम पसरा है। धर्मेंद्र का जन्म पंजाब में हुआ था। उनके पिता केवल कृष्ण देओल शिक्षक थे। आखिरी बार 14 दिसंबर 2015 को धर्मेंद्र लुधियाना आए थे।



पंजाब के मोगा जिले के गांव मानुके के रहने वाले मूर्तिकार इकबाल सिंह गिल अभिनेता धर्मेंद्र का स्टैच्यू (प्रतिमा) तैयार करने में जुटे हैं। मूर्तिकार इकबाल सिंह गिल दिग्गज अभिनेता को अनोखे अंदाज में श्रद्धांजलि देंगे। मूर्तिकार इकबाल सिंह बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को अपनी कला के जरिये श्रद्धांजलि देने के लिए उनका स्टैच्यू तैयार कर रहे हैं। धर्मेंद्र का स्टैच्यू लगभग एक सप्ताह में तैयार हो जाएगा, जिसके बाद इस स्टैच्यू को इकबाल अपनी आर्ट गैलरी में स्थापित करेंगे।

इकबाल सिंह गिल ने बताया कि इस स्टैच्यू बनाने में लगभग एक लाख रुपये का खर्च आएगा। जो वह खुद ही वहन करेंगे। स्टैच्यू की लंबाई और चौड़ाई धर्मेंद्र जी के कद काठी के हिसाब से ही बनाई जाएगी। इकबाल सिंह को बचपन से ही मूर्ति बनाने का शौक था और मात्र 20 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपनी पहली मूर्ति गौतम बुद्ध की बनाई थी। खेती-बाड़ी के साथ-साथ उन्होंने मूर्ति कला को अपना जुनून और पेशा दोनों बनाया। इकबाल ने बताया कि धर्मेंद्र जी पंजाब की मिट्टी से जुड़े हुए इंसान थे, जिनको हम कभी नहीं भूल पाएंगे। आज इस संसार में वो नहीं हैं, लेकिन हर पंजाबियों के दिल में रहेंगे।

# 'संविधान की पवित्रता बनाए रखने में बार की भूमिका बेहद जरूरी' : सीजेआई

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने एक बयान में कहा है कि देश में संविधान की पवित्रता और कानून का शासन बनाए रखने के लिए बार की भूमिका बेहद जरूरी है। सीजेआई ने ये भी कहा कि देश में कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए कानूनी सहायता देने में भी बार की अहम भूमिका है।



संविधान दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 'जब हम इस अहम पल का जश्न मना रहे हैं, जब भारत ने अपने आप को अपना बुनियादी अनुबंध दिया था, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि देश में कानून का शासन और संविधान की पवित्रता बनाए रखने में बार की भूमिका बेहद जरूरी है।'

सीजेआई ने कहा कि 'मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि अगर अदालतों को संविधान का पहरेदार माना जाता है, तो बार के सदस्य हमारे रास्ते को रोशन करने वाले पथप्रदर्शक हैं। वे हमें अपने गंभीर कर्तव्यों को पूरा करने और हमारे कर्तव्यों को पक्के यकीन के साथ निभाने में मदद करते हैं।

# निक्की हत्याकांड : 'पापा ने मम्मी को मारा...पड़ोसी की छत से कूदकर भाग गए'

## निक्की के छह साल के बेटे के बयान से बड़ा खुलासा

**नोएडा :** ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में निक्की भाटी की मौत के मामले में कासना कोतवाली पुलिस की विवेचना में बड़ा खुलासा हुआ है। चार्जशीट में मृतका के छह साल के बेटे के बयान ने हत्या और षड्यंत्र के आरोपों को मजबूती दी है।




पुलिस ने निक्की के बेटे के बयान को शामिल किया है, जिसमें बेटे ने कहा है कि पापा ने मम्मी को मारा, उनके ऊपर कुछ डाला और आग लगा दी। इसके बाद वह पड़ोसी की छत से कूदकर भाग गए थे।

पुलिस की ओर से दाखिल की गई चार्जशीट के मुताबिक, निक्की का 6 साल का बेटा भी घटनास्थल पर मौजूद था। उसके बयान ने पूरा मामला स्पष्ट कर दिया है। बच्चे के बयान ने पुलिस की विवेचना को ठोस आधार दिया है। कानून के जानकारों का कहना है कि बच्चे के कथन को मनगढ़ंत नहीं माना जा सकता क्योंकि वह घटना के वक्त मौके पर मौजूद था।

चार्जशीट के अनुसार, यह कोई हादसा नहीं, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से की गई हत्या है। जिसे मृतका के पति विपिन भाटी, ससुर सत्वीर, सास दया और जेठ रोहित भाटी ने मिलकर अंजाम दिया है।

पुलिस ने मामले में विस्तृत साक्ष्य, गवाहों के बयान, सीसीटीवी फुटेज, चिकित्सकीय रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट और मृतका के बेटे के बयान के आधार पर हत्या और षड्यंत्र का मामला मजबूत किया है।

22 अगस्त 2025 को मामले में कंचन जो मृतका निक्की इस मामले में कासना कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। फील्ड यूनिट प्रभारी और टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। निरीक्षण में पाया गया कि घर में ऐसा कोई भी चिह्न नहीं था, जिससे यह दावा सिद्ध हो सके कि गैस सिलिंडर फटा था। आरोपी विपिन को 23 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

**अस्पताल कर्मचारियों का बयान और उससे उठे सवाल :** फोर्टिस अस्पताल की नर्स और डॉ. ने बयान में कहा कि निक्की ने बताया था कि वह गैस सिलिंडर फटने से जली है। लेकिन पुलिस ने इस कथन पर संदेह जताया, क्योंकि निक्की की उस समय की स्थिति बेहद गंभीर थी। उसके बोलने का कोई वीडियो या वैज्ञानिक साक्ष्य नहीं मिला है।

**गवाहों ने बताया, सोशल मीडिया और पार्लर को लेकर होता था झगड़ा :** ग्राम प्रधानों और पंचायत गवाहों ने बताया कि निक्की और उसकी बहन कंचन एक ब्यूटी पार्लर चलाती थीं और सोशल मीडिया पर वीडियो बनाती थीं। इस बात को लेकर ससुराल वाले नाराज रहते थे। घरेलू विवाद बाद में हत्या की वजह बना। पोस्टमार्टम अधिकारी ने बताया कि निक्की के शरीर का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा जल चुका था। उसकी मौत हाइपोवोलेमिक शॉक से हुई थी।

**सोशल मीडिया वीडियो भी जांच का हिस्सा :** वादिया कंचन ने तीन वीडियो क्लिप और एक स्क्रीनशॉट पुलिस को दिए। उनका अवलोकन किया गया। हालांकि इसमें घटना से सीधा संबंध नहीं मिला, लेकिन इन्हें पारिवारिक विवाद की पृष्ठभूमि समझने में महत्वपूर्ण माना गया। पुलिस ने चार्जशीट में उल्लेख किया कि यह हत्या आकस्मिक नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित साजिश थी।

**इस सप्ताह जमानत याचिका हो सकती है दाखिल :** चार्जशीट में सभी को हत्या का आरोपी बनाए जाने पर निक्की के पिता भिकारी सिंह ने पुलिस की जांच पर संतुष्टि जताई है। वहीं आरोपी पक्ष के अधिवक्ता अमित भाटी बोड़ाकी ने बताया कि जल्द सत्र न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जाएगा।

### मौके से दूर दिखाने के लिए बनाई थी योजना

पुलिस जांच में सामने आया कि मृतका के पति, सास, ससुर और जेठ ने पहले से साजिश रचकर तय किया था कि घटना के दौरान वह अलग-अलग स्थानों पर मौजूद हों, ताकि यह दशार्या जा सके कि आग लगने में उनका कोई हाथ नहीं था। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के अनुसार इन आरोपियों ने प्रयास किया कि वह घटना के समय कहीं और देखे जाएं।

# राजधानी की सांसों पर संकट बरकरार

## रोहिणी में 380 तो वजीरपुर में 377 एक्यूआई



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की हवा आज भी जहरीली बनी हुई है। अधिकांश इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स ह्यबहुत खराबह्ण से लेकर ह्यगंभीरह्ण श्रेणी में दर्ज किया गया है। सुबह से ही शहर के कुछ हिस्सों में जहरीले स्मॉग की एक परत छाई है। ऐसे हालात में लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ने का खतरा बढ़ गया है।

वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह सात बजे को आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई 363, अशोक विहार में 361, अलीपुर 345, आया नगर में 306, बवाना में 382, बुराड़ी में 346, चांदनी चौक 345, डीटीयू में 367, द्वारका में 359,

उधर, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 298, आईटीओ में 358, जहांगीरपुरी में 367, लोधी रोड 300, मुंडका 371, नजफगढ़ में 316, पंजाबी बाग में 368, रोहिणी 380, विवेक विहार 365, सोनिया विहार 338, आरकेपुरम 348, वजीरपुर में 377 दर्ज किया गया है। एम्स के आसपास जहरीले स्मॉग की एक परत छाई हुई है।

# संभल में 46 साल से बंद कुएं की खुदाई शुरू

## 1978 के दंगों में चर्चित रहा था यह स्थान, हलचल तेज

**संभल।** संभल कोतवाली क्षेत्र की एकता पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित बंद कुएं की 46 वर्ष बाद खोदाई शुरू हुई है। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को देखा है। बुधवार को नगर पालिका ने इस पर काम करना शुरू कर दिया है। इस कुएं के नजदीक लगे एक पेड़ को भी काटा जाएगा। इसके लिए वन विभाग को सूचना दे दी गई है।



आसपास के लोगों का कहना है कि 1978 के दंगों के दौरान यह कुआं चर्चा में रहा था। उधर, महिष्मती नदी पर कब्जे चिह्नित करने के लिए सर्वे शुरू हो गया है। नगर पालिका की टीमों ने मौके पर जाकर सर्वे का काम शुरू किया है।

कितने स्थानों पर अतिक्रमण किया गया है इसका पता लगाया जा रहा है। सर्वे के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिसके बाद नदी को कब्जामुक्त किए जाने का काम होगा। बताते चलें कि महिष्मती नदी का पुनरुद्धार 15 करोड़ रुपये से होना है। सर्वे की शुरूआत हल्लू सराय से हो चुकी है।

उधर, संभल के 68 तीर्थ और 19 कूपों की नगरी संभल में तीर्थों और कूपों के सौंदर्यीकरण को लेकर कार्ययोजना तैयार हो चुकी है। शासन के प्रोजेक्ट और 15वें वित्त आयोग के तहत तीर्थों और कूपों के सौंदर्यीकरण कार्य पर करोड़ों रुपये खर्च होने हैं। शासन को भेजे गए प्रस्ताव को जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

बजट जारी होने पर नगर पालिका द्वारा कार्य शुरू करा दिया जाएगा। वहीं कुछ कूपों पर कार्य को लेकर निविदा प्रक्रिया चल रही है।तीर्थों और कूपों को संवारने का कार्य पहले से ही चल रहा है। अब शासन की मंशा के अनुरूप नगर पालिका ने शेष तीर्थों एवं कूपों के सौंदर्यीकरण के लिए कार्ययोजना की है।

इसमें मोहल्ला दुर्गा कॉलोनी में स्थित पंचाग्नि कूप पर 14.96 लाख रुपये से कार्य होना है तो सरायतरीन के रसोदक कूप पर 14.60 लाख रुपये खर्च होने हैं। इसी तरह मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित ऋषिकेश कूप के सौंदर्यीकरण पर 18.20 लाख रुपये की लागत आएगी।

# भरी बारात में कुत्ते ने मचाया आतंक...

## छह को काटा, दो की हालत गंभीर, मच गई अफरा-तफरी

**गजरौला (अमरोहा)।** गजरौला के गांव भीकनपुर शुमाली में आवारा कुत्ते ने राशन डीलर समेत छह लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। आसपास के लोग लाठी लेकर कुत्ते के पीछे दौड़े लेकिन वह भाग गया। घटना के दौरान गांव में चढ़ी रही एक बरात में भी अफरा-तफरी मच गई।





उधर, कुत्ते के काटने से घायल लोगों को सीएचसी में एंटी रैबिज का इंजेक्शन लगाया गया। साथ ही गंभीर हालत में कुलदीप व मयंक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना सोमवार की है। सुबह करीब सात बजे गांव भीकनपुर शुमाली निवासी राशन डीलर कुलदीप कुमार घर से घेर के लिए जा रहे थे। रास्ते में उन पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। कुछ देर बार इसी कुत्ते ने पूर्व ग्राम प्रधान सौ सिंह के भाई कमल सिंह को काटकर घायल कर दिया। कुत्ते का आतंक यहीं नहीं रुका और घर के बाहर खेल रहे नन्हे सिंह के पोते पर हमला कर दिया।

शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने डंडे लेकर पीछा किया तो कुत्ता गांव में चढ़ रही बरात में घुस गया, जिससे बरातियों में अफरा-तफरी मच गई। दोपहर बाद उसी कुत्ते ने गांव निवासी मयंक, छाया व छोया निवासी छोटे पाल को काट लिया। मयंक व कुलदीप को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

कुत्ते काटे के जख्मी लोगों को उपचार के लिए सीएचसी में लाया गया यहां से कुलदीप व मयंक रेफर कर दिए गए।

# 'आप कल आना...पुरुष नहीं हैं घर में'

## एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ परेशान

**कानपुर।** कानपुर के परिषदीय विद्यालयों के अधिकांश शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी लगने से जहां स्कूलों की नियमित पढ़ाई लड़खड़ा गई है वहीं शिक्षकों को मतदाता प्रपत्र भरवाने में पसीने छूट रहे हैं। बीएलओ सुबह से शाम तक घर-घर जाकर प्रपत्र भरवाने में लगे हैं। इसके बावजूद फार्म भरने में विफल हो रहे है। शिक्षकों का कहना है कि मतदाता के दरवाजे पर दस्तक देने पर कई बार वह जानकारी देने से ही इन्कार कर देते हैं। दिन में पुरुषों के दफ्तर जाने और घर पर महिलाओं के मिलने से वह दरवाजा खोलने से ही इन्कार कर देती हैं। कई बार समझाने पर आधी अधूरी जानकारी दी जाती है और अधिक जानकारी देने के लिए दूसरे दिन बुलाया जाता है। इससे समय अधिक लग रहा है। शिक्षकों के अनुसार यदि मतदाता जागरूक हो तो यह मुश्किलें कम हो सकतीं हैं।



किदवईनगर स्थित कंपोजिट विद्यालय विनगमा की शिक्षिका एवं बीएलओ रश्मि त्रिपाठी के पास 1100 मतदाताओं की गणना लक्ष्य है। इसमें से वह अब तक करीब 400 फार्म भरवा चुकी हैं। रश्मि बताती हैं कि कई मोहल्लों में महिलाएं पुरुषों के नहीं होने की बात कहकर दरवाजा ही नहीं खोलती हैं।

> एक घर में लगाने पड़ते चार से पांच बार चक्कर

एक घर में चारझपांच बार जाना पड़ता है। कई लोग समझाने के बाद भी गलत विवरण दे देते हैं फिर शाम को फॉर्म दोबारा भरना पड़ता है। पूरी प्रक्रिया सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक चलती है।

**अधिकांश मतदाता के पास नहीं 2003 का डेटा :** प्राथमिक विद्यालय नौबस्ता के सहायक अध्यापक एवं बीएलओ जयंत गुप्ता बताते हैं कि उन्हें 1031 मतदाताओं की सूची पूरी करनी है।

# 'सीएम ही नहीं पीएम पद के भी दावेदार हैं मेरे पिता' : प्रियांक खरगे

**बंगलूरू।** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के साथ राज्य के दिग्गज नेताओं की बैठकों ने सियासी पारा गरमा दिया है। इस मुद्दे पर कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे की प्रतिक्रिया सामने आई है। क्या कर्नाटक में सिद्धारमैया मुख्यमंत्री बने रहेंगे के सवाल प्रियांक खरगे ने कहा कि सब कुछ ठीक है और आलाकमान जो भी फैसला लेता है, उसका पालन सभी कर रहे हैं, चाहे वह अभी के लिए हो या भविष्य में।



कर्नाटक के मंत्री शिवानंद पाटिल की कथित टिप्पणी पर कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा, 'जब भी राज्य में चुनाव होते हैं, मल्लिकार्जुन खरगे मुख्यमंत्री पद के दावेदार होते हैं। जब भी संसदीय चुनाव होते हैं, वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार होते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, संख्या मायने रखती है और मल्लिकार्जुन खरगे को जो भी कहना है, वह कहेंगे।'

प्रियांक खरगे ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'जब हम सब एक ही सुर में बोल रहे हैं, तो उनकी दुविधा कहां है? भाजपा को कोई मुद्दा ही नहीं मिल रहा है। जब भी वे कोई मुद्दा उठाते हैं, वे औंधे मुंह गिर पड़ते हैं। समस्या उनमें है, हममें नहीं।'

नेतृत्व परिवर्तन पर विपक्षी भाजपा नेता आर अशोक के बयान पर प्रियांक ने कहा, 'अशोक अब बेरोजगार हैं। ढाई साल हो गए हैं जब से वे क्रांति-क्रांति चिल्ला रहे हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली । गुरुवार 27 नवम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# क्या वास्तव में ही नहीं मिल रहा है एसआईआर अभियान में जनता का सपोर्ट

## सीन यही रहा तो बड़ी संख्या में कट जायेंगे गाजियाबाद के वोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिस एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा ने जोर शोर से प्रचार किया था। जिस एसआईआर अभियान में शहर विधायक संजीव शर्मा प्रदेश के सहसंयोजक बनाये गये हैं। जिस एसआईआर अभियान की समीक्षा करने प्रदेश के पदाधिकारी आये। उस एसआईआर अभियान में जनता का ही सपोर्ट नहीं मिला। अधिकारियों ने लगातार अभियान चला रखा है। सभी क्षेत्रों में बीएलओ भी जा रहे हैं और घर-घर जाकर फार्म ले रहे हैं, दे रहे हैं। लेकिन इस अभियान की जो सबसे बड़ी बात देखने में आई है वो ये कि वोट वाले अभियान में जनता का सपोर्ट नहीं मिला रहा है। बताया ये जाता है कि सभी क्षेत्रों में बीएलओ पहुंच रहे हैं। नियत समय पर वो फार्म दे रहे हैं। मगर जो बाधा है वो ये है कि फार्म रिटर्न का प्रतिशत आधा भी नहीं आ रहा है। बीएलओ फार्म दे सकते हैं आपको फार्म भरने में सहयोग कर सकते हैं। लेकिन समस्या ये है कि मतदाता फार्म को भरकर नहीं दे रहे हैं। ये तब है जब जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में डीएम ने भी कई नियमों में शिथिलता की बात कही और वो इसलिए ताकि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण



का काम हो सके। बीएलओ स्पष्ट तौर पर कुछ कहने से बच रहे हैं लेकिन वो इस बात को बता जरूर रहे हैं कि फार्म देने में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन फार्म भरकर लौटने में समय लग रहा है। सूत्र ये बताते हैं कि मतदाता सूची गहन पुरीक्षण अभियान बीएलओ से लेकर अधिकारियों के लिए सिर दर्द बनने जा रहा है। मतदाताओं का सीन ये है कि वो इस अभियान को लेकर ही उदासीन है। वहीं इस अभियान से जुड़े लोग बता रहे हैं कि एक बड़ी संख्या में गाजियाबाद में कई मतदाता वोटर लिस्ट से गायब हो जायेंगे। इनमें वो मतदाता शामिल है ही जो दिये पते पर नहीं रहते। लेकिन बड़ी संख्या में वो मतदाता भी है जिनका पता भी है वो रहते भी हैं मगर मतदाता फार्म को लेकर उनका भी सीन अता-पता-लापता वाला हो रहा है। अब ऐसे में केवल वो वोट नहीं कटेंगे जो नहीं मिल रहे हैं। यहां वो वोट कटेंगे जो मिल रहे हैं, जो दिये गये पते पर रहते हैं और इस कहानी में सीन उस कहावत वाला होगा कि गेहूं के साथ घुन भी पिस जायेगा। उस मौहल्ले का वोट तो कट जायेगा लेकिन इस मौहल्ले का वोट भी लिस्ट से घट जायेगा। यहां पर एक बड़ी चुनौती ये भी है कि ये अभियान केवल चार दिसम्बर तक चलेगा। समय कम है और वोटर रूचि ले नहीं रहे हैं। सियासी लोगों के सामने चुनौती ये आ गई है कि अगर अभियान धीमा रहा और समय निकल गया तो फिर वो वोट भी लिस्ट से गायब हो जायेंगे जिन्हें अपना माना जा रहा है।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा कर चुके हैं वीडियो से अपील



करंट क्राइम। बड़ा अभियान चल रहा है और इस अभियान को लेकर प्रशासन सजग है, सरकार सजग है। देश की सबसे बड़ी विधान सभा से विधायक और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा खुद अपनी विधानसभा से लेकर अन्य सभी मतदाताओं से अभियान में सहयोग करने की अपील कर चुके हैं। वो वीडियो डालकर सोशल मीडिया पर अपील कर रहे हैं।

### अधिकारी लगा रहे हैं एड़ी-चोटी का जोर

करंट क्राइम। एसआईआर अभियान में बड़ी बात ये देखने में आ रही है कि प्रशासन के अधिकारियों ने यहां पूरा पसीना बहाया है। सभी बीएलओ लगे हुए हैं और प्रशासन के अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र में डेरा डाल लिया है। नगर निगम अपने स्तर पर जनता से अपील कर रहा है कि वो इस अभियान में भाग लें। प्रशासनिक अधिकारी स्वयं डेरा डाल कर प्रचार कर रहे हैं। एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या ने देहात क्षेत्र में जाकर जहां अभियान में जुटे बीएलओ का मनोबल बढ़ाया वहीं लोगों केबीच पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाने की बात कही। अन्य क्षेत्रों में भी प्रशासनिक अधिकारी अभियान को सफल बनाने के लिए जोर लगा रहे हैं।

### जनता को होना ही पड़ेगा मतदाता अभियान के लिए जागरूक

करंट क्राइम। जिस जोर-शोर से एसआईआर अभियान शुरू हुआ था उस स्पीड में ब्रेकर का काम पब्लिक ने कर दिया। वोटर लिस्ट की छंटनी चल रही है और यहां पर मतदाता उदासीन मोड में आ गये हैं। अभियान के दिन लगातार घट रहे हैं और मतदाता को ये पता नहीं है कि वो वोटर लिस्ट से साईलेंटली घट रहे हैं। जनता को इस अभियान में आगे आना होगा। उन्हें जागरूक होकर इस अभियान को एक व्यापक स्तर पर लेना होगा। आरडब्लूए जैसी संस्थाओं से लेकर एनजीओ से जुड़ी संस्थाएं आगे आयें और एसआईआर अभियान को मजबूत करें।

# ऑपरेशन कन्विक्शन में गैंगस्टर एक्ट में चार अपराधियों को 7-7 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस को ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड की



सख्त निगरानी और लगातार अपराधियों को सजा दिलवाने की नीति का परिणाम है कि संगठित अपराध में लिप्त चार आरोपियों को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट)/अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या-12 ने 7-7 वर्ष की सश्रम कारावास और 7-7 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। यह फैसला बुधवार को सुनाया गया। गाजियाबाद पुलिस का यह कदम जिले में संगठित अपराध के खिलाफ चल रही कड़ी कार्रवाई को और मजबूती देता है। अदालत ने जिन आरोपियों को दोषी करार दिया है, उनमें सचिन उर्फ मनीष, सोनू उर्फ श्रीपाल, शैलेन्द्र उर्फ शैली उर्फ विपाल, निवासी ग्राम प्रथमगढ़ थाना भोपुर, और सुदीप उर्फ वीरपाल, निवासी ग्राम भाया थाना धौलाना, हापुड़ शामिल हैं।

ये सभी आरोपी लंबे समय से संगठित गिरोह चलाकर गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे थे।



### पहले भी मिल चुकी है सजा

करंट क्राइम : विशेष लोक अभियोजक (गैंगस्टर एक्ट) वरुण त्यागी द्वारा अदालत में की गई प्रभावशाली पैरवी इस पूरे मामले में अहम रही। पुलिस की जांच, मजबूत साक्ष्यों और अभियोजन की दृढ़ दलीलों के आधार पर अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी पाया।



उल्लेखनीय है कि इन्हीं आरोपियों को 9 अक्टूबर 2025 को हत्या के एक मामले में जिला अदालत द्वारा आजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा दी जा चुकी है। यह मामला वर्ष 2018 का है, जब 15 जनवरी को थाना भोजपुर में इस गिरोह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरोह लगातार आर्थिक लाभ के लिए गंभीर अपराधों को अंजाम देता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गैंगचार्ट तैयार कर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की। गाजियाबाद कमिश्नरेट ने कहा कि ऑपरेशन कन्विक्शन का मुख्य उद्देश्य अपराधियों को गिरफ्तार कर अदालत से कठोर सजा दिलवाना है, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सके। लगातार मिल रही सजाएँ इस अभियान की सफलता और पुलिस की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं।


# संविधान दिवस मनाया गया निगम में और पार्षद ही रह गये कार्यक्रम से अंजान

## कोई सूचना तक नहीं मिली और अब पार्षद हैं इस बात को लेकर हैरान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 26 नवंबर को संविधान दिवस होता है और किसी भी देश का सबसे बड़ा विधान उसका संविधान होता है। संविधान दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। संविधान दिवस पर नगर निगम में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारतीय संविधान दिवस पर नगर निगम मुख्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नगर निगम में जो कार्यक्रम आयोजित हुआ उसमें हैरान करने वाली बात ये रही कि पार्षद ही इस पूरे कार्यक्रम से अंजान रहे। संविधान दिवस की कोई सूचना तक पार्षदों के पास नहीं थी। सूत्र बताते हैं कि जिन पार्षदों को सूचना मिली वो भी बाईचांस वाला सीन था।

ये पार्षद नगर निगम मुख्यालय में निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष से मिलने पहुंचे थे यहीं पर इनको जानकारी मिली। कहानी में सबसे रोचक मोड ये है कि खुद निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को भी नगर निगम में आयोजित हो रहे संविधान दिवस की ना कोई जानकारी थी और ना ही कोई निमंत्रण था। बताया ये जाता है कि फिर इसके बाद पार्षदों में ये सूचना फैल गई कि नगर निगम में संविधान दिवस मनाया जा रहा है और पार्षदों को इसकी सूचना तक नहीं दी गई। ना निगम के अफसरों ने सूचना जारी की और ना ही मेयर स्तर पर कोई सूचना दी गई। यहां तक की फिर पार्षदों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर पार्षद हिमांशु शर्मा ने लिखा कि बेहतर होता कि हमें भी इसकी सूचना दी जाती। नगर निगम में कार्यक्रम हो रहा था और पार्षदों को




इसकी सूचना नहीं थी इस बात से पार्षद नाराज भी थे और हैरान भी थे। अगर सूचना नहींथी तो फिर पार्षदों को पता कैसे चला, इस सवाल पर जब करंट क्राइम ने मालूमात की तो पता चला कि किसी ने व्हाट्सऐप ग्रुप पर ऐसे ही ये सूचना डाली। इस सूचना की ना तो निगम स्तर पर पुष्टि थी और ना ही निगम या पार्षदों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर थी। पार्षदों ने इस बात पर आपत्ति भी जताई है कि आखिर निगम में पार्षदों का मान-सम्मान रहेगा या नहीं। पार्षद ये कह रहे हैं कि नगर निगम सदन की मुखिया मेयर हैं और मेयर की ओर से पार्षदों को ये सूचना भिजवानी जानी चाहिए थी।

मेयर के पीए फोन कर सकते थे। वो सूचना भेज सकते थे।

पार्षद इस बात पर भी हैरान हैं कि नगर निगम कार्यकारिणी के बड़े संवैधानिक पद पर जब कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को ही सूचना नहीं है तो पार्षदों को कौन सूचना देता। बताया ये जाता है कि जब पार्षदों ने जब निगम अधिकारियों से जब इस संबंध में बात की तो निगम अधिकारियों ने भी ये कहा कि आफिशियल कोई सूचना नहीं भेजी गई है। इसके बाद पार्षदों ने आपस में एक दूसरे से पता किया तो फिर ये जानकारी मिली कि किसी भी पार्षद को सूचना नहीं दी गई।

### नगर निगम प्रशासन को देनी चाहिए थी सूचना : प्रवीण चौधरी



करंट क्राइम। संविधान दिवस का आयोजन हो रहा है और निगम के पार्षदों को इसकी सूचना नहीं है। मेयर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में नगर निगम में संविधान दिवस पर कार्यक्रम हुआ और संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। सभी ने विचार भी रखे। कार्यक्रम में मेयर मौजूद हैं, निगम के अधिकारी मौजूद हैं। मगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष ही नहीं हैं। पता चला कि उन्हें भी कोई सूचना नहीं थी। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस संबंध में निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी से बात की तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि नगर निगम प्रशासन को संविधान दिवस कार्यक्रम की सूचना देनी चाहिए थी। आज का दौर सूचना क्रान्ति का दौर है। प्रवीण चौधरी ने कहा कि जिस तरह से बोर्ड बैठक की सूचना पार्षदों को दी जाती है, उसी प्रकार इस कार्यक्रम की सूचना भी दी जा सकती थी। निगम प्रशासन को और अन्य जिम्मेदार लोगों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए।

### टूटे सोफे, टूटी चेयर बदलवायेंगे अब कार्यकारिणी के डिप्टी मेयर

करंट क्राइम। हालांकि ये पद निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष का है मगर इसे बोलचाल की भाषा में डिप्टी मेयर कहा जाता है। नगर निगम में जब संविधान दिवस वाला विषय आया तो फिर उसके बाद पार्षदों ने निगम पार्षद कक्ष की हालत सुधारने पर भी जोर दिया। निगम पार्षद नीरज गोयल, विनील दत्त, राजीव शर्मा और हिमांशु शर्मा ने यह विषय निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के सामने रखा। इसके बाद निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष स्वयं पार्षद कक्ष पहुंचे। उन्होंने देखा कि यहां पार्षद कक्ष में सोफे टूटे हुए हैं और चेयर भी टूटी हुई है। पार्षद कक्ष की यह हालत देखकर डिप्टी मेयर के तेवर भी कड़े दिखाई दिये। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को इस बात के निर्देश दिये कि पार्षद की हालत कक्ष की हालत में सुधार होना चाहिए और तुरंत इसके टूटे सोफे और टूटी कुर्सी बदली जायें।

# 'राइज इन इंडिया' कार्यक्रम का समापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एचआरआईटी विश्वविद्यालय में आयोजित 'राइज इन इंडिया' राष्ट्रीय कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन बुधवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व कन्नौज सदर विधायक असीम अरुण उपस्थित रहे, जबकि आयोजन की मेजबानी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने की। विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. अनिल अग्रवाल ने पुष्पदल, अंगवस्त्र और स्मृति-चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

डॉ. अनिल अग्रवाल और असीम अरुण ने अपने संबोधन में आयोजन को विद्यार्थियों और समाज दोनों के लिए उपयोगी बताया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल युवाओं में कौशल और नवाचार को बढ़ाते हैं, बल्कि विकसित भारत के लक्ष्य को भी मजबूत करते हैं। असीम अरुण ने कहा कि देश को शीर्ष राष्ट्रों की श्रेणी में

शेष, पृष्ठ 8

# मुख्य न्यायाधीश की शपथ पर बोले पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी : 'न्यायपालिका न पक्ष में होती है, न विपक्ष में'

## 'न्यायपालिका को विपक्ष मानने वाली मानसिकता लोकतंत्र के लिए खतरनाक'

**देश में अब भी कई लोग, जिनमें कुछ पत्रकार और मीडिया कर्मी भी शामिल हैं, यह सोचते हैं कि लोकतंत्र में न्यायपालिका विपक्ष की भूमिका निभाती है। यह समझ लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करती है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ जस्टिस सूर्यकांत द्वारा लिये जाने के बाद पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने न्यायपालिका की भूमिका और उसकी स्वतंत्रता को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है।

त्यागी ने कहा कि यह धारणा बिल्कुल गलत है कि सरकार के विरुद्ध निर्णय देना ही न्यायपालिका की निष्पक्षता का पैमाना है। उन्होंने याद दिलाया कि इससे पहले मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्ति के बाद जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ भी ऐसी ही स्पष्ट टिप्पणी कर चुके हैं।



रविवार को निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने अपने आवास पर सुप्रीम कोर्ट रिपोर्टर पत्रकारों से मुलाकात के दौरान कहा था कि कुछ लोग यह मानकर चलते हैं कि न्यायपालिका हमेशा सरकार की प्रतिकूल दिशा में निर्णय दे तभी वह स्वतंत्र मानी जाएगी।

इसी संदर्भ को आगे बढ़ाते हुए पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा- देश में अब भी कई लोग, जिनमें कुछ पत्रकार और मीडिया कर्मी भी शामिल हैं, यह सोचते हैं कि लोकतंत्र में न्यायपालिका विपक्ष की भूमिका निभाती है। यह समझ लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करती है। जो लोग न्यायपालिका को विपक्ष के रूप में देखना चाहते हैं, वे न्याय की मूल भावना को समझते ही नहीं।

त्यागी ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका विपक्ष की भूमिका नहीं निभा सकती, उसका दायित्व केवल इतना है कि वह न सरकार के पक्ष में हो, न सरकार के विरोध में- न्यायपालिका की स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ है सिर्फ और सिर्फ निष्पक्ष होना।

# पश्चिमी यूपी में हाई कोर्ट बेंच की मांग फिर हुई तेज

## अधिवक्ताओं ने सांसद अतुल गर्ग के आवास का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

### जल्द शुरू हो सकता है बड़ा आंदोलन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की दशकों पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। बुधवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ता इस मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए।

न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए अधिवक्ताओं ने पैदल मार्च निकाला और कविनगर स्थित सांसद अतुल गर्ग के आवास का घेराव किया।

यहां उन्होंने सांसद को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा और मांग की कि पश्चिमी यूपी के लिए हाई कोर्ट बेंच की आवश्यकता को तुरंत केंद्र सरकार के संज्ञान में लाया जाए।

### 22 ज़िलों की आबादी न्याय के लिए है परेशान

करंट क्राइम : अधिवक्ताओं ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों की करोड़ों आबादी को न्याय पाने के लिए प्रयागराज या लखनऊ जैसे सैकड़ों



किलोमीटर दूर स्थित शहरों में जाना पड़ता है। इसमें आम जनता का समय, धन और श्रम बुरी तरह व्यर्थ होता है। कई गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार तो लंबी दूरी और खर्च के कारण न्याय की लड़ाई ही छोड़ देते हैं। वकीलों के अनुसार अगर हाई कोर्ट बेंच यहीं स्थापित कर दी जाए, तो आम जनता के लिए न्याय सस्ता, सुगम और सुलभ हो जाएगा।

### दशकों से जारी है आंदोलन, फिर भी समाधान नहीं

करंट क्राइम : अधिवक्ताओं ने बताया कि इस मांग को लेकर पिछले 50 वर्षों में कई बड़े आंदोलन हुए। कभी यूपी बंद, कैंडल मार्च, पैदल मार्च, राजनेताओं का घेराव जुलूस और जनसभाएं लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। वकीलों ने साफ कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में यह आंदोलन और अधिक व्यापक स्वरूप ले सकता है।

### मेरठ संघर्ष समिति के आह्वान पर एकजुट हुए अधिवक्ता

करंट क्राइम : पश्चिमी यूपी हाई कोर्ट बेंच स्थापना संघर्ष समिति, मेरठ के आह्वान पर गाजियाबाद में भी यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। बार अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी की अगुवाई में सुबह 11 बजे अधिवक्ता बार सभागार में एकत्र हुए। इसके बाद सभी वकील पैदल मार्च करते हुए सांसद के आवास पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन बार के सचिव वरुण त्यागी ने किया। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं मिलता तो पश्चिमी यूपी में बड़ा और लंबा आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसमें राजनीतिक, गैर-राजनीतिक, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों के साथ आम लोग भी व्यापक स्तर पर शामिल होंगे।

## संपादकीय

# स्पैम कॉल पर सख्ती

ऐसे मामले अक्सर सामने आते हैं, जिनमें किसी व्यक्ति ने परेशान होकर एक नंबर को ब्लाक कर दिया, लेकिन फिर अन्य नंबर से उसी तरह के फोन आने शुरू हो जाते हैं। लंबे समय से बहुत सारे मोबाइल उपभोक्ताओं की यह शिकायत रही है कि उनके पास अनजान नंबरों से फोन आते हैं और या तो उन्हें नाहक खरीदारी के जाल में उलझाने की कोशिश की जाती है या फिर किसी चीज का प्रचार किया जाता है। इसके अलावा, पिछले कुछ समय से डिजिटल फजीर्वाड़ा और ठगी के मामले भी तेजी से सामने आने लगे हैं और इसके लिए भी अनजान नंबरों से किसी को फोन किया जाता है।

सच यह है कि सिर्फ अवांछित काल के रूप में दिखने वाली यह समस्या अब बहुत ज्यादा जटिल हो चुकी है। खासतौर पर स्मार्टफोन के उपभोक्ताओं को जिस तरह साइबर ठगी और फजीर्वाड़े का शिकार बनाया जाने लगा है, उसका दायरा अब बहुत बड़ा हो चुका है। इसलिए अगर इस तरह की ठगी या उपभोक्ताओं को नाहक ही परेशान करने वालों के खिलाफ भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण यानी ट्राइ ने सख्त कदम उठाया है, तो यह स्वागतयोग्य है। मगर ट्राइ को यह देखने की जरूरत है कि इस समस्या के तार कहां जुड़े हो सकते हैं और इस संबंध में और क्या करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि स्पैम और गैरजरूरी व्यावसायिक फोन या धोखाधड़ी करने वाले फोन काल पर रोक लगाने के उद्देश्य से ट्राइ ने पिछले एक वर्ष में लगातार कार्रवाई की है और अब तक इक्कीस लाख मोबाइल नंबरों को बंद कर दिया है या काली सूची में डाला है। इस तरह के कदम की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। मगर यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि आजकल फोन के जरिए फजीर्वाड़ा या ठगी करने वाले या फिर अपने कारोबार को विस्तार देने के लिए मोबाइल उपभोक्ताओं के पास अवांछित काल करने वाले लोगों ने संगठित तौर पर नए-नए विकल्प निकालने शुरू कर दिए हैं। ऐसे मामले अक्सर सामने आते हैं, जिनमें किसी व्यक्ति ने परेशान होकर एक नंबर को ब्लाक कर दिया, लेकिन फिर अन्य नंबर से उसी तरह के फोन आने शुरू हो जाते हैं। इसलिए अब कोई ऐसा तकनीकी ढांचा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें आम लोगों को किसी वस्तु के प्रचार या अन्य मकसद से किए जाने वाले अवांछित फोन से लेकर डिजिटल ठगी, धोखाधड़ी या भयादोहन और साइबर अपराधियों के जाल से बचाया जा सके।

## रोचक तथ्यों का करंट



- वे किसान जिन्होंने किसी नाम से अपनी गायों को बुलाया है, उन लोगों ने ऐसा ना करने वालों की तुलना में 258 लीटर अधिक दूध उपज दर्ज किया है।
- क्या आप जानते हैं? अधिकांश गायों ने संगीत को सुनने के दौरान अधिक दूध दिया है।
- पूर्वी एशिया में, मंगोलिया में दूध का भारी मात्रा में इस्तेमाल किया गया था, लेकिन चीन में दूध की खपत अलग-अलग शैली में परिवर्तित होती रहती थी। दक्षिण कोरिया से आयातित गायों से जापानी डेयरी उत्पादों का उपभोग किया गया था!
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की दूध की बाल्टी में एक मेंढक डालने से दूध को खारा होने से बचाने का एक प्राचीन रूसी तरीका था। इस पद्धति का अध्ययन करके, वैज्ञानिकों ने नए एंटीबायोटिक पदार्थों के धन की पहचान की है।
- क्या आप जानते हैं? याक का दूध गुलाबी होता है!
- दूध ही एकमात्र पूर्ण खाना है जिससे आप पूरी तरह से जीवित रह सकते हैं, जिससे आपके शरीर के हर पोषक तत्व को जीवित रहने की आवश्यकता होती है!

## राशिफल

**मेष :** छोटी-मोटी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य को उत्साह व प्रसन्नता से कर पाएगा।

**वृष :** किसी पुरानी व्याधि के उभरने की संभावना है। जल्दबाजी में कोई कार्य न करें। किसी व्यक्ति विशेष से विवाद हो सकता है।

**मिथुन :** प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**कर्क :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**सिंह :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कन्या :** कोई आकस्मिक खर्च सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

**तुला :** कुसंगति से हानि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रुका हुआ पैसा जैसे एरियर, कमीशन व किराया आदि प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**धनु :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। भाग्य का साथ रहेगा। मित्रों तथा पारिवारिक सहयोग से काम बनेंगे।

**मकर :** चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। किसी व्यक्ति से बेबात बहस हो सकती है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ :** प्रेम-प्रसंग में मधुरता रहेगी। व्यस्तता रहेगी। किसी सरकारी कार्यालय में अटका काम मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** किसी तरह की झंझट में न पड़ें। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारतीय शेयर बाजार में धमाकेदार उछाल: सेंसेक्स 1022 और निफ्टी 320 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार भारी बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1022.50 अंक उछलकर 85,609.51 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 320.50 अंक की बढ़त के साथ 26,205.30 पर बंद हुआ।

अमेरिकी समकक्षों से मिले मजबूत संकेतों और मजबूत घरेलू बाजार की बुनियादी बातों के चलते बुधवार को भारतीय शेयर बाजार में तेजी से बढ़त दर्ज की गई। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1022.50 अंक या 1.21 प्रतिशत चढ़कर 85,609.51 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,057.18 अंक या 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,644.19 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 320.50 अंक या 1.24 प्रतिशत बढ़कर 26,205.30 पर बंद हुआ। यह अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से केवल 10 अंक पीछे था। विशेषज्ञों ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संभावित युद्धविराम को लेकर बढ़ती आशावादिता ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूत किया है।




### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एक्सिस बैंक और इंफोसिस प्रमुख लाभ में रहीं। भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स पिछड़ गए। बाजार में भागीदारी व्यापक रही, जिसमें धातु, ऊर्जा और आईटी में बढ़त सबसे ज्यादा रही। मिड-कैप और स्मॉल-कैप सूचकांक भी 1 प्रतिशत से ज्यादा चढ़े।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी तेजी

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए। कोस्पी 2.67 प्रतिशत, निक्केई 225 सूचकांक 1.85 प्रतिशत और हैंग सेंग सूचकांक 0.13 प्रतिशत चढ़ा। हालांकि, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

### फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ी

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि भारतीय बाजारों में बुधवार को प्रभावशाली तेजी देखी गई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर खरीदारी हुई, जो वैश्विक इक्विटी में तीव्र जोखिम की भावना को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि इस तेजी को दिसंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों से समर्थन मिला है, क्योंकि नवीनतम अमेरिकी आर्थिक आंकड़े, जिनमें सितंबर के खुदरा बिक्री और उत्पादक मूल्य के आंकड़े शामिल हैं ने मांग में नरमी और मुद्रास्फीति में कमी का संकेत दिया है।

### डॉलर के कमजोर होने से बाजार की धारणा में हुआ सुधार

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर, दिसंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों, साथ ही अमेरिका में ब्याज दरों में नरमी और डॉलर के कमजोर होने से बाजार धारणा में सुधार हुआ है। इसके अलावा, रूस और यूक्रेन के बीच संभावित संघर्ष विराम को लेकर बढ़ती आशावादिता जोखिम उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है, जिससे आगामी वर्ष के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिल रहा है।

### रिजर्व बैंक कर सकता है ब्याज दरों में कटौती

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि दिसंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा संभावित ब्याज दरों में कटौती को लेकर नए सिरे से आशावादिता के साथ-साथ अगले महीने की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीदों से निवेशकों की धारणा में सुधार हुआ। इसके अतिरिक्त, यूक्रेन और रूस के

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 62.50 डॉलर प्रति बैरल पर

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 62.50 डॉलर प्रति बैरल हो गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 785.32 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी 3,912.47 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। मंगलवार को सेंसेक्स 313.70 अंक या 0.37 प्रतिशत गिरकर 84,587.01 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 74.70 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 25,884.80 पर बंद हुआ।बीच शांति की दिशा में प्रगति की उम्मीद से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी समर्थन मिला।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 19,919 करोड़ की चार बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कुल 19,919 करोड़ रुपये की चार बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसमें 7,280 करोड़ की दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट निर्माण योजना शामिल है, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कुल 19,919 करोड़ रुपये की चार बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसमें 7,280 करोड़ की दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट निर्माण योजना शामिल है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों और रक्षा क्षेत्र के लिए अहम मानी जा रही है। इसके अलावा, पुणे मेट्रो विस्तार के लिए 9,858 करोड़, देवभूमि द्वारका (ओखा)-कनालस रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए 1,457 करोड़ और बदलापुर-कर्जत तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,324 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### दुर्लभ मृदा स्थायी चुम्बक योजना के लिए 7,280 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को होने वाली बैठक में दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट के लिए एक नई प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए करीब 7,280 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित है, जो पहले के 2,500 करोड़ रुपये के अनुमानित पैकेज से लगभग तीन गुना अधिक है।

### इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा व रक्षा उत्पादन में इन तत्वों का अहम रोल

दुर्लभ पृथ्वी तत्वों का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा उत्पादन में होता है। भारत में इस क्षेत्र को अभी भी सीमित फंडिंग, तकनीकी विशेषज्ञता की कमी और लंबी परियोजना के लिए समयसीमा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बिना सरकारी समर्थन के वाणिज्यिक उत्पादन फिलहाल व्यावहारिक नहीं है। इसके अलावा, खनन से जुड़े पर्यावरणीय जोखिम इस क्षेत्र को और जटिल बनाते हैं।

### चीन का दबाव और भारत की रणनीति

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने भारत में उपयोग के लिए दुर्लभ पृथ्वी मैग्नेट के निर्यात के शुरूआती लाइसेंस जारी किए हैं, लेकिन भारतीय कंपनियों को अब तक कोई लाइसेंस नहीं मिला है। भारत की वार्षिक मांग लगभग 2,000 टन ऑक्साइड की है, इसे पूरा करने के लिए कई वैश्विक सप्लायर रुचि दिखा रहे हैं। सरकार सिंक्रोनस रिलक्टेंस मोटर्स पर अध्ययन को फंड कर रही है, ताकि भविष्य में दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के मामले में देश के बाहर से होने वाले आयात पर निर्भरता कम की जा सके।

# भारत ने रूस-नेतृत्व वाले यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ एफटीए वार्ता शुरू की

**नई दिल्ली।** भारत 26 नवंबर से रूस की अगुवाई वाले यूरेशियन आर्थिक संघ (एआएव) के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक वार्ता की शुरूआत कर रहा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को बताया कि भारत और पांच सदस्यीय यूरेशियन इकोनॉमिक कमीशन के बीच प्रस्तावित समझौते के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर 20 अगस्त को हस्ताक्षर हो चुके हैं। भारत आज से यानी 26 नवंबर से रूस के नेतृत्व वाले यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए औपचारिक वार्ता शुरू करेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



भारत और पांच देशों के समूह यूरेशियन इकोनॉमिक कमीशन ने 20 अगस्त को प्रस्तावित समझौते के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर हस्ताक्षर किए थे।
यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन में कुल पांच देश 20 अगस्त 2025 को हस्ताक्षरित टर्म्स ऑफ रेफरेंस में 18 महीने की कार्ययोजना शामिल है, जिसका लक्ष्य भारतीय कारोबारियों विशेष रूप से एमएसएमई, किसानों और मछुआरों के लिए नए बाजारों में व्यापार के अवसर बढ़ाना है। यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन में कुल पांच देश शामिल हैं आर्मेनिया, बेलारूस, कजाखस्तान, किर्गिस्तान और रूस है।

### ईएईयू के साथ वार्ता के अलावा हो रही कई अन्य व्यापारिक साझेदारियां

गोयल ने बताया कि एआएव वार्ता के अलावा भारत कई अन्य व्यापारिक साझेदारियों पर भी काम कर रहा है। सरकार साउदर्न अफ्रीकन कस्टम्स यूनियन (रअउव), जिसमें दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, बोत्सवाना, लेसोथो और इस्वातिनी शामिल हैं के साथ संभावित व्यापार समझौते की संभावनाएं तलाश रही है। मंत्री ने कहा कि रअउव दुनिया का सबसे पुराना कस्टम्स यूनियन है, जिसकी स्थापना एक सदी से भी पहले हुई थी। भारत, ब्राजील, अर्जेंटीना, उरुग्वे और पैराग्वे से मिलकर बने लैटिन अमेरिकी व्यापार समूह मकोर्सुर के साथ अधिमान्य व्यापार समझौते के दूसरे चरण के लिए भी चर्चा कर रहा है।

इस्राइल के साथ फलस व्यापार समझौते के लिए वर्चुअल वार्ता जल्द

मंत्री ने आगे कहा कि इस्राइल के साथ शीघ्र फसल व्यापार समझौते के लिए वर्चुअल वार्ता जल्द ही शुरू होगी। भारत विशेष रूप से कृषि प्रौद्योगिकी, नवाचार, गतिशीलता और सेवाओं पर सहयोग में रुचि रखता है। गोयल हाल ही में इस्राइल के साथ एफटीए के लिए संदर्भ शर्तों पर हस्ताक्षर करके लौटे हैं।

### वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच भारत का व्यापार रहा संतोषजनक

गोयल ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच भारत के व्यापार प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वस्तु व्यापार में वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि सेवा निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि देश का निर्यात सामूहिक रूप से ऊपर की ओर बढ़ रहा है।

ईयू ने नौ वर्षों के बाद 102 भारतीय मत्य पालन को दी मंजूरी

# तीन दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार में धमाकेदार शुरूआत, सेंसेक्स निफ्टी हरे निशान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार बुधवार को हरे निशान पर खुला। वहीं पिछले दिन मंगलवार को सेंसेक्स 313 अंक टूटकर 84,587 पर और निफ्टी 93 अंक गिरकर 25,865 पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में तेजी और ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह के साथ शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तीन दिन की गिरावट के बाद बुधवार को शुरूआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। कारोबार के दौरान 2 :56 तक 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 964.12 अंक या 1.14 प्रतिशत बढ़कर 85,551.13 अंक पर पहुंच गई। वहीं निफ्टी 305 अंक या 1.18 प्रतिशत बढ़कर 26,190.10 अंक पर आ गया। शुरूआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 307.93 अंक चढ़कर 84,894.94 अंक पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 93.5 अंक बढ़कर 25,978.30 अंक पर पहुंच गया।




### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, अडानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, ट्रेंट, पावर ग्रिड और एक्सिस बैंक प्रमुख लाभ में रहे। सुबह के कारोबार के दौरान भारती एयरटेल एकमात्र पिछड़ने वाली कंपनी रही। एशियाई बाजारों में दिखी बढ़त एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक सकारात्मक क्षेत्र में कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

## चुटकुले

सास ने फ्रिज खोला तो गुस्से में बहू को आवाज लगाई
बहू : ये मंदिर का घंटा फ्रिज में क्यों रखा है, पागल हो गई है क्या
बहू : मांजी आपने ही तो कहा था कि आटा गूंथने के बाद एक घंटा फ्रिज में रखना....

---

सास : बहू कहां हो तुम?
बहू : होटल में हूं बहुत तेज बहुत भूख लग रही थी है, इसलिए यहां खाना खा रही हूं, आप कहां हो सासू मां?
सास : लंगर में
तुम्हारे पीछे लाइन में खड़ी हूं, खीर मेरे लिए भी ले लेना...

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 27 11 2025 करंट क्राइम

## आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# रोहित शर्मा फिर बने वनडे के बादशाह

## मिचेल को पीछे छोड़ रैंकिंग में नंबर-1 की गद्दी वापस हासिल की



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने एक बार फिर आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल के रेटिंग पॉइंट्स गिरने और आखिरी दो मैचों में भाग नहीं लेने के कारण रोहित ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। यह बढ़त ऐसे वक्त पर आई है जब भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज शुरू होने वाली है। रोहित के नंबर एक पर वापसी से भारतीय फैंस और टीम के लिए यह एक अच्छा संकेत माना जा रहा है।

जिम्बाब्वे के स्टार खिलाड़ी सिकंदर रजा ने पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय में नंबर एक ऑल-राउंडर की रैंकिंग हासिल कर इतिहास रच दिया है। त्रिकोणीय सीरीज के दौरान उनके ऑलराउंड प्रदर्शन की खूब तारीफ हो रही है।

### न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज खिलाड़ियों की रैंकिंग में इजाफा

हालांकि, मिचेल ने शीर्ष स्थान खोया, लेकिन न्यूजीलैंड के अन्य खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा मिला। रचिन रवींद्र एक स्थान बढ़कर 12वें स्थान पर पहुंचे। डेवोन कॉन्वे 11 रैंक ऊपर चढ़कर अब 31वें नंबर पर आ गए। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने नाबाद शतक की बदौलत रैंकिंग में छलांग लगाई और अब वह 8वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों में मिचेल सैंटनर और मैट हेनरी के प्रदर्शन की वजह से न्यूजीलैंड को और भी लाभ मिला।

### टेस्ट में गेंदबाजों और ऑलराउंडर्स की बड़ी छलांग

टेस्ट रैंकिंग में भी हलचल जारी है। इंग्लैंड के ओली पोप अब 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के ताइजुल इस्लाम अब 15वें नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अब टेस्ट गेंदबाजों में पांचवें स्थान पर आ चुके हैं। ऑलराउंडर सूची में बेन स्टोक्स दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि भारत के रवींद्र जडेजा शीर्ष पर बने हुए हैं।

आईसीसी ने आगामी ळ20 विश्व कप 2026 के लिए रोहित शर्मा को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह टूनामेंट भारत और श्रीलंका में आयोजित होगा। रोहित अब तक नौ टी20 वर्ल्ड कप खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 2024 में टीम इंडिया को खिताब भी दिलाया था। टी20 विश्व कप के 47 मैचों में 1220 रन बनाने वाले रोहित का यह नया रोल क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# रोनाल्डो पर लगा दो मैचों का प्रतिबंध हटा: विश्व कप में खेलते दिखेंगे, ट्रंप से मीटिंग के बाद फीफा का यू-टर्न?



**वाशिंगटन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा की ओर से बड़ी राहत मिली है। आयरलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में एल्बो मारने के चलते मिले रेड कार्ड के बाद माना जा रहा था कि वे आगामी वर्ल्ड कप 2026 के शुरूआती मैच मिस कर सकते हैं। हालांकि, फीफा ने उन्हें तीन मैच के प्रतिबंध की सजा सुनाई है, लेकिन उसमें से दो मैचों पर एक साल की प्रोबेशन लागू की गई है। यानी रोनाल्डो ने पहले ही एक मैच का अनिवार्य बैन काट लिया है, और अब वे वर्ल्ड कप में खेलने के लिए पात्र हैं, लेकिन चेतावनी के साथ।

डबलिन में खेले गए मुकाबले में रोनाल्डो ने आयरलैंड के डिफेंडर डारा ओ'शेया को कोहनी मारी थी। फीफा ने इसे हिंसक आचरण माना और सजा निर्धारित की। हालांकि, फीफा ने यह स्पष्ट किया कि अगर प्रोबेशन अवधि के दौरान रोनाल्डो ने समान या गंभीर स्तर का उल्लंघन किया, तो बाकी दो मैचों का बैन वापस लागू हो जाएगा।

### फीफा का फैसला क्यों विशेष है?

आम तौर पर ऐसे मामलों में पूरी सजा लागू होती है। दिलचस्प बात यह है कि इसी महीने आर्मेनिया और बुरुंडी के खिलाड़ियों पर भी तीन-तीन मैचों का बैन लगा, लेकिन उन्हें कोई छूट नहीं मिली। इसलिए रोनाल्डो को मिली यह राहत कई सवाल खड़े कर रही है।

फैसले से एक सप्ताह पहले रोनाल्डो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। इस डिनर में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी मौजूद थे और उन्होंने रोनाल्डो के साथ फोटो भी ली थी। इस घटना और फैसले के समय ने बहस को और तेज कर दिया है। रोनाल्डो पिछले तीन साल से सऊदी क्लब के लिए खेल रहे हैं और 2034 का वर्ल्ड कप भी सऊदी अरब की मेजबानी में होगा, जिससे राजनीतिक संबंधों पर भी सवाल उठ रहे हैं। फीफा ने कहा है कि यह फैसला अपील के लिए खुला है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि अपील कौन कर सकता है, आयरलैंड फुटबॉल संघ या वर्ल्ड कप में रोनाल्डो के संभावित प्रतिद्वंद्वी? पुर्तगाल मार्च में दो फ्रेंडली मैच खेलेगा, पर रोनाल्डो अब उपलब्ध रहेंगे।

# 'घमंड नहीं करना चाहिए' : कुंबले को आया गुस्सा, डेल स्टेन ने भी साउथ अफ्रीकी कोच को लगाई लताड़



**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम ने भारत दौरे पर दमदार प्रदर्शन करते हुए टेस्ट सीरीज में बढ़त ले ली और खुद को सीरीज जीत के करीब पहुंचा दिया। मगर जहां खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से जमकर वाहवाही बटोरी है, वहीं टीम के कोच शुकरी कोनराड का एक बयान विवाद की जड़ बन गया है और इसके चलते उन्हें जमकर लताड़ लग रही है। गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन साउथ अफ्रीकी कोच ने भारतीय टीम के लिए ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया, जो क्रिकेट में विवादित इतिहास से जुड़ा है। इस बयान के बाद उन्हें भारतीय दिग्गज अनिल कुंबले ने फटकार लगाई है।

गुवाहाटी टेस्ट मैच के चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी 260 रन पर घोषित की और टीम इंडिया को 549 रन का लक्ष्य दिया। दिन का खेल खत्म होने के बाद जब साउथ अफ्रीकी कोच कोनराड से पूछा गया कि उन्होंने पारी घोषित करने में देरी क्यों की, तो उन्होंने जवाब में विवादित बयान दिया। कोनराड ने कहा कि वो टीम इंडिया को थकाना चाहते थे और उन्हें घुटनों के बल रेंगते हुए देखना चाहते थे। इसमें दूसरा हिस्सा सबसे अहम था, जिसके लिए उन्होंने अंग्रेजी के शब्द ग्रोवेल का इस्तेमाल किया।

कोनराड का ये शब्द इस्तेमाल करना ही विवाद की असली जड़ बन गया क्योंकि इसने 49 साल पुरानी यादें ताजा कर दीं। 1976 में वेस्टइंडीज दौरे पर इंग्लैंड के कप्तान टोनी ग्रेग ने विंडीज टीम के लिए इसी शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसका मतलब होता है जमीन पर मुंह के बल लेटना या घुटनों के बल रेंग कर चलना। इस पर तब इसलिए बवाल हुआ था क्योंकि ग्रेग साउथ अफ्रीकी मूल के श्वेत क्रिकेटर थे और तब साउथ अफ्रीका पर रंगभेद के कारण बैन लगा हुआ था। साथ ही कैरेबियाई इतिहास में अश्वेत लोगों को गुलाम बनाए जाने की घटनाओं से इसे जोड़कर देखा गया था। वेस्टइंडीज ने जवाब में सीरीज 3-0 से जीती थी।

अब 49 साल बाद दोबारा इस शब्द का क्रिकेट में वापसी करना विवाद खड़ा कर गया और कोनराड को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व भारतीय कोच और दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने साउथ अफ्रीकी कोच को घमंड न कर विनम्र रहने की नसीहत दी।

# फीफा विश्व कप 2026: ड्रॉ में स्पेन-अर्जेंटीना और फ्रांस-इंग्लैंड को फायदा! सेमीफाइनल से पहले नहीं होगी भिड़ंत

**स्पेन।** फीफा ने अगले साल होने वाले 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप के ड्रॉ को लेकर बड़ा अपडेट जारी किया है। फीफा विश्व कप 2026 के लिए ड्रॉ अगले सप्ताह जारी होना है। इस ड्रॉ में पहली बार टेनिस-स्टाइल नॉकआउट ब्रैकेट सिस्टम लागू किया जाएगा, जिसके तहत दुनिया की शीर्ष चार टीमें स्पेन, अर्जेंटीना, फ्रांस और इंग्लैंड को अलग-अलग हिस्सों में रखा जाएगा। इसका मतलब है कि अगर ये चारों टीमें अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल करती हैं, तो वे सेमीफाइनल से पहले एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खेलेंगी।

### क्यों किया गया यह बदलाव?

फीफा के मुताबिक, इस नए सिस्टम का उद्देश्य है लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों को रैंकिंग के आधार पर फायदा देना। साथ ही बड़े मुकाबलों को अंतिम चरण तक सुरक्षित रखना। इसे टूनामेंट को प्रतिस्पर्धात्मक और संतुलित बनाने में मदद मिलेगी। फीफा ने बयान में कहा, 'दो अलग-अलग रास्ते तैयार किए गए हैं ताकि शीर्ष टीमों के बीच संतुलन बना रहे और




योग्य प्रदर्शन को सम्मान मिले।' इस बार वर्ल्ड कप 48 टीमों वाला होगा, जो इतिहास में पहली बार है। कुल 12 ग्रुप होंगे, हर ग्रुप में चार टीमें रहेंगी। ड्रॉ इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि एक ही महाद्वीप की दो गैर-यूरोपीय टीमें एक ग्रुप में नहीं हो सकतीं। साथ ही यूरोपीय टीमों की संख्या प्रत्येक ग्रुप में अधिकतम दो तक सीमित रहेगी। ड्रॉ पांच दिसंबर को वॉशिंगटन डी.सी. के कैनेडी सेंटर में होगा, जिसमें विशेष अतिथि के रूप में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मौजूद रहेंगे। यह पहला मौका है जब किसी वर्ल्ड कप ड्रॉ में राजनीतिक और खेल के इतने बड़े चेहरे एक साथ मंच साझा करेंगे।

42 टीमें अब तक क्वालिफाई कर चुकी हैं, जिनमें ईरान और हैती भी शामिल हैं, बावजूद इसके कि उनका अमेरिका से राजनीतिक तनाव है। इस बार सबसे दिलचस्प स्थिति यह है कि चार बार की चैंपियन इटली, जो कम रैंकिंग के कारण पॉट-चार में हो सकती है, बड़ी टीमों के लिए शुरूआत से ही चुनौती बन सकती है।

ड्रॉ में टीमों को उनकी रैंकिंग और क्वालिफिकेशन स्टेटस के आधार पर चार पॉट में रखा गया है।

पॉट 1 (टॉप सीड टीम्स): स्पेन, अर्जेंटीना, फ्रांस, इंग्लैंड, ब्राजील, पुर्तगाल, नीदरलैंड, बेल्जियम, जर्मनी, संयुक्त राज्य (यूएसए), मेक्सिको, कनाडा।

पॉट 2: क्रोएशिया, मोरक्को, कोलंबिया, उरुग्वे, स्विट्जरलैंड, जापान, सेनेगल, ईरान, दक्षिण कोरिया, इक्वाडोर, ऑस्ट्रिया, ऑस्ट्रेलिया

पॉट 3: नॉर्वे, पनामा, मिस्त्र, अल्जीरिया, स्कॉटलैंड, पराग्वे, ट्यूनिशिया, आइवरी कोस्ट, उज्बेकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका

पॉट 4: जॉर्डन, केप वर्डे, घाना, कुराकाओ, हैती, न्यूजीलैंड, यूरोपीय प्लेऑफ विजेता 1, यूरोपीय प्लेऑफ विजेता 2, यूरोपीय प्लेऑफ विजेता 3, यूरोपीय प्लेऑफ विजेता 4, इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ विजेता 1, इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ विजेता 2।



# एसएमएटी 2025 में सीएसके के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने जड़ी दूसरी सबसे तेज सेंचुरी

## नाबाद पारी में जड़े 12 चौके और 10 छक्के

**नई दिल्ली।** भारतीय घरेलू क्रिकेट में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का आगाज हो गया है। टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूनामेंट में सीएसके के बल्लेबाज ने धमाल मचा दिया है। अपने पहले मैच में तूफानी शतक जड़कर अपने नाम का डंका बजा दिया है। लक्ष्य का पीछा करते हुए इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 31 गेंद पर शतक ठोक दिया।

बुधवार, 26 नवंबर को हैदराबाद के जिमखाना क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात और सर्विसेज के बीच मुकाबला खेला गया। गुजरात ने सर्विसेज को 8 विकेट से धूल चटाई। गुजरात की इस जीत में उर्विल पटेल का बहुत बड़ा योगदान रहा। उर्विल ने दमदार शतक जड़ टूनामेंट में अपना शानदार आगाज किया है। उर्विल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 31 गेंद पर शतक जड़ा।

### उर्विल ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उर्विल के नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। उरङ के बैटर उर्विल पटेल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (रटअळ) 2025 मैच में दूसरा सबसे तेज ळ20 शतक बनाया। उर्विल ने 37 गेंद पर नाबाद 119 रन की जबरदस्त पारी खेली, जिसमें उन्होंने 12 चौके और 10 छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 321.62 रहा।

दिलचस्प बात यह है कि विकेटकीपर बैटर ने ठीक एक साल पहले किसी भारतीय का सबसे तेज ळ20 शतक बनाया था। जब उन्होंने 27 नवंबर को त्रिपुरा के खिलाफ 28 गेंद में शतक बनाया था। तब उर्विल ने अभिषेक शर्मा के सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। अभिषेक शर्मा ने दिसंबर 2024 में रटअळ में मेघालय के खिलाफ 28 गेंद में शतक बनाया था।

### तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत

तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत मौजूद हैं। पंत ने जनवरी 2018 में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 32 गेंद में शतक बनाकर भारत के दूसरे सबसे तेज ळ20 शतक बनाने का अनोखा रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन अब उर्विल के इस धमाके के बाद वे तीसरे नंबर पर आ गए हैं। विकेटकीपर बैटर ने ळ20 में गुजरात के किसी बैटर का सबसे बड़ा पर्सनल स्कोर भी बनाया है।

मैच की बात करें तो सर्विसेज ने 182 रन बनाए। इसके जवाब में उर्विल पटेल ने आर्या देसाई के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 11.1 ओवर में 174 रन जोड़े। देसाई 60 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात ने 12.3 ओवर में 183 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### सीएसके के लिए खेलते हैं आईपीएल

बता दें कि उर्विल पटेल 2025 आईपीएल सीजन के दौरान सीएसके से जुड़े थे। उन्होंने चोटिल वंश वेदी को रिप्लेस किया था। अपने डेब्यू आईपीएल मैच में 7 मई 2025 को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ महज 11 गेंद पर 31 रन की पारी खेली। उन्हें 2026 के लिए सीएसके ने रिटेन किया है।

# घरेलू टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों का शर्मनाक प्रदर्शन: एक भी शतक नहीं; भारत की किसी पारी में नहीं बने 205+ रन




**नई दिल्ली।** भारत को दक्षिण अफ्रीका ने एक बार फिर उसके ही घर में करारी शिकस्त दी है। 2-0 की जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका 25 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रहा। दक्षिण अफ्रीका की यह जीत भारतीय टीम के टेस्ट में हालत पर गंभीर सवाल खड़े करता है। भारत की बल्लेबाजी भारत के टेस्ट इतिहास में शायद सबसे कमजोर नजर आई। न कोई शतक और बल्लेबाजों का औसत सिर्फ 15.23 रहा, जो हार की अहम वजह रही।

### क्लीन स्वीप का इतिहास

भारत अपने घर में टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप सिर्फ तीन बार हुआ है और इसमें से दक्षिण अफ्रीका ने दो बार ऐसा किया है। दूसरी टीम न्यूजीलैंड है। कीवियों ने पिछले साल भारत को घर पर 3-0 से हराया था। दो साल में दो बार भारत घर में सफाया झेल चुका है।

### कप्तान तेम्बा बावुमा का नया रिकॉर्ड

पहले 12 टेस्ट में सबसे ज्यादा जीत वाले कप्तानों में बावुमा नंबर-एक बन गए हैं। बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक अजेय है। उनकी कप्तानी में द. अफ्रीका ने 12 में से 11 टेस्ट जीते हैं। एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। उनकी कप्तानी में टीम ने एशिया में भी लगातार सफलताएं हासिल की हैं।

यह भारत का ओवरऑल टेस्ट में और घर पर रनों के अंतर से सबसे बड़ी हार है। इससे पहले टीम इंडिया को 2004 में ऑस्ट्रेलिया ने नागपुर में 342 रन से हराया था। दक्षिण अफ्रीका के लिए यह जीत उनकी दूसरी सबसे बड़ी टेस्ट जीत है। 2018 में जोहानिसबर्ग में द. अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 492 रन से जीत दर्ज की थी।

इस सीरीज में ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर भारत के नए सिरदर्द बनकर उभरे। उन्होंने अब तक भारत में चार टेस्ट में 27 विकेट झटके हैं। इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत 15.03 का और गेंदबाजी स्ट्राइक रेट 36.1 का रहा है। उनकी पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 37 रन देकर छह विकेट रही है। उन 109 गेंदबाजों में, जिन्होंने भारत में 20+ विकेट लिए हैं, हार्मर का औसत और स्ट्राइक रेट सबसे बेहतरीन है। इस सीरीज में हार्मर ने 17 विकेट सिर्फ 8.94 की औसत पर झटके। हार्मर ने स्टेन का रिकॉर्ड तोड़ा और दक्षिण अफ्रीका के लिए भारत में एक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। स्टेन ने 2008 में 15 विकेट झटके थे।

2015 से पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम एशिया में संघर्ष करती थी, लेकिन अब वो सबसे खतरनाक विदेशी टेस्ट टीमों में शामिल है। प्रोटियाज ने एशिया में पिछली तीन टेस्ट सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया है। उसने बांग्लादेश को 2024 में 2-0 से हराया। फिर इस साल पाकिस्तान के खिलाफ 1-1 से टेस्ट सीरीज ड्रॉ कराया। अब भारत का सूपड़ा साफ किया है।

भारत की घरेलू किलेबंदी अब टूट चुकी है। पहले न्यूजीलैंड और अब दक्षिण अफ्रीका ने यह साबित कर दिया है। भारत की बल्लेबाजी फ्लॉप रही है, गेंदबाजी असंतुलित दिखी और कप्तान दबाव में दिखे हैं। भारत के सामने अब बड़े सवाल खड़े हैं। ऐसे में आगे टीम इंडिया कैसे वापसी करती है, यह देखने वाली बात होगी।

### भारत की बल्लेबाजी- फ्लॉप शो

भारत के बल्लेबाजों ने सीरीज में कोई शतक नहीं लगाया और औसत कुल मिलाकर सिर्फ 15.23 का रहा, जो किसी भी टेस्ट सीरीज में उनका दूसरा सबसे कम और अपने घर में सबसे कम बल्लेबाजी औसत है। इससे पहले 2002/03 के न्यूजीलैंड दौरे पर उनका औसत 12.42 था। भारत अपने घर में पहली बार पूरी सीरीज में एक बार भी किसी पारी में 250+ का स्कोर नहीं बना सका। कोलकाता टेस्ट की पहली पारी में भारत ने 183 और दूसरी पारी में 93 रन बनाए थे। वहीं, गुवाहाटी टेस्ट की पहली पारी में भारत ने 201 रन और दूसरी पारी में 140 रन बनाए।

# भारतीय क्रिकेट जरूरी, मेरे भविष्य का फैसला बीसीसीआई करेगा : गौतम गंभीर

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज 0-2 से गंवाने के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) उनके भविष्य का फैसला करेगा। इसके साथ ही उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर भारत की युवा टीम के शानदार प्रदर्शन की याद दिलाई है।

भारतीय टीम कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मुकाबले में महज 124 रन का पीछा करते हुए 30 रन से मैच हारी थी। इसके बाद गुवाहाटी में उसे 549 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया गया। इसका पीछा करने उतरी टीम इंडिया महज 140 रन पर सिमट गई। साउथ अफ्रीका ने यह मैच 408 रन के अंतर से जीता। पिछले साल भारत ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 0-3 से घरेलू टेस्ट सीरीज गंवाई थी।

टेस्ट फॉर्मेट में टीम इंडिया के हालिया खराब प्रदर्शन को लेकर गंभीर की कोचिंग सवालों के घेरे में है। गंभीर के मार्गदर्शन में भारत ने अब तक छह टेस्ट सीरीज खेली हैं, जिनमें से सिर्फ दो में जीत मिली, जबकि एक सीरीज ड्रॉ रही।

दूसरे टेस्ट की समाप्ति के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने कहा, यह बीसीसीआई को तय करना है। जब मैंने हेड कोच का पद संभाला था, तो मैंने अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था- इंडियन क्रिकेट जरूरी है, मैं जरूरी नहीं हूं। मैं यहां बैठकर ठीक यही बात कहता हूं।





उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर भारत के शानदार प्रदर्शन को याद किया। उस दौरे में भारत ने पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज को 2-2 से बराबरी पर खत्म किया था। कोच ने कहा, मैं वही आदमी हूं जिसने इंग्लैंड में भी एक युवा टीम के साथ नतीजे हासिल किए थे। मुझे यकीन है कि आप लोग बहुत जल्द भूल जाएंगे, क्योंकि बहुत से लोग न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज की बात करते रहते हैं। मैं वही आदमी हूं जिसके मार्गदर्शन में हमने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप भी जीता था।

गौतम गंभीर ने स्वीकारा है कि भारत की इस युवा टीम के पास अनुभव कम है। उन्होंने कहा, हां, यह एक ऐसी टीम है जिसके पास कम अनुभव है। मैंने पहले भी कहा है कि उन्हें सीखते रहने की जरूरत है। वे हालात बदलने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं।

गंभीर के कार्यकाल में, भारत ने अब तक 18 में से 10 टेस्ट मैच गंवाए हैं। गुवाहाटी में 408 रन से हार, टेस्ट में रनों के अंतर से उसकी सबसे बड़ी शिकस्त थी।

गंभीर को हाल के महीनों में प्लेइंग इलेवन में बार-बार बदलाव करने और लंबे फॉर्मेट में स्पेशलिस्ट बैट्समैन और बॉलर के बजाय ऑलराउंडर को तरजीह देने के लिए आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा है।

गौतम गंभीर को विश्वास है कि अनुभव के साथ भारत की यह युवा टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, ३मैं बहाने नहीं बनाता। मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया। मैं भविष्य में भी ऐसा कभी नहीं करूंगा। लेकिन अगर आप देखें तो इस टॉप 8 में 4-5 बैट्समैन ने सचमुच 15 से कम टेस्ट मैच खेले हैं और वे आगे बढ़ेंगे। वे मैदान पर सीख रहे हैं। जब आप किसी टॉप-क्वालिटी टीम के खिलाफ खेल रहे हों, तो टेस्ट मुकाबला कभी आसान नहीं होता। आपको उन्हें समय देना होगा।




# एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति : असीम अरुण

## कैबिनेट मंत्री डॉ. सुनील शर्मा के नेतृत्व में खोड़ा-मकनपुर में निकली भव्य एकता पदयात्रा



**खोड़ा–मकनपुर, करंट क्राइम :** भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर खोड़ा-मकनपुर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एकता और राष्ट्रभाव को समर्पित भव्य एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा ने जहां संगठन की जनसंपर्क शक्ति को मजबूती से प्रदर्शित किया, वहीं नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और राष्ट्रनिर्माण के प्रति गहरा उत्साह भी जगाया।

कार्यक्रम का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक डॉ. सुनील शर्मा तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया। स्वतंत्र प्रभार मंत्री असीम अरुण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भारत माता और सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। पूरे क्षेत्र में उमड़ा जनसैलाब, राष्ट्रभक्ति से भरे नारे और संगठन की सक्रियता ने वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

### 'राष्ट्रहित सर्वोपरि—एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति' : असीम अरुण

करंट क्राइम। मुख्य अतिथि असीम अरुण ने कहा कि सरदार पटेल ने अद्भुत प्रशासनिक कौशल और दृढ़ निश्चय से देश को एकसूत्र में बांधा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ नहीं है और एकता ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार सरदार पटेल के राष्ट्रवादी विचारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देशहित में निरंतर कार्य कर रही है।

### 'जनता की उपस्थिति ने सिद्ध किया—एकता और विकास ही हमारा मार्ग' : डॉ. सुनील शर्मा



करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री डॉ. सुनील शर्मा ने कहा कि खोड़ा–मकनपुर क्षेत्र की जनता ने भारी संख्या में उपस्थित होकर यह स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रीय एकता, विकास और राष्ट्रहित ही हमारा मूल पथ है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के विचार अनुशासन, समर्पण और सेवा का संदेश देते हैं और भाजपा सरकार इन्हीं सिद्धांतों पर कार्य करती हुई हर नागरिक के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### 'यह पदयात्रा संगठन की शक्ति और जनता के विश्वास का प्रतीक' : मयंक गोयल

**करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि खोड़ा–मकनपुर में उमड़ा विशाल जनसैलाब सिद्ध करता है कि जनता एकता और विकास के मार्ग पर भाजपा के साथ मजबूती से खड़ी है। अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और नागरिक हुए शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के प्रतिनिधि, कार्यकर्ता और सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। सरदार एस.पी. सिंह, रीना भाटी, कार्यक्रम संयोजक पंकज भारद्वाज, सह–संयोजक नवनीत मित्तल, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, सह मीडिया प्रभारी धीरज अग्रवाल, जीतू राय, पंकज लड्डू, योगेश भाटी, देवेंद्र यादव, विनय गुप्ता, दविंदर गिरी, वेद प्रकाश जाटव, पंडित आर.डी. शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, पंकज वाल्मीकि, पूर्व पार्षद अभिनव जैन, धीरज शर्मा, प्रयाम सक्सैना आदि।



### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर खोड़ा-मकनपुर में 'एकता पदयात्रा' का भव्य आयोजन, योगेश भाटी की रही अहम भूमिका



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के गौरवशाली अवसर पर खोड़ाझमकनपुर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एकता और राष्ट्रभाव को समर्पित एक भव्य 'एकता पदयात्रा' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस विशाल कार्यक्रम का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक डॉ. सुनील शर्मा तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्वतंत्र प्रभार मंत्री असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। क्षेत्र में निकली इस पदयात्रा ने न केवल संगठन की जनसंपर्क शक्ति और अनुशासन का परिचय दिया, बल्कि स्थानीय नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और राष्ट्रनिर्माण को लेकर एक नया उत्साह और जोश भी भर दिया। पदयात्रा के दौरान कार्यकताओं और नागरिकों ने पूरे राष्ट्रभाव के साथ सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा नेता योगेश भाटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उन्होंने पदयात्रा के रूट नियोजन और जनसंपर्क समन्वय का कार्य प्रभावी ढंग से संभाला, जिसके कारण यह आयोजन व्यवस्थित और प्रभावशाली बन सका। उनके अथक प्रयास और सक्रिय सहभागिता ने यह सुनिश्चित किया कि एकता का संदेश क्षेत्र के जन–जन तक सफलतापूर्वक पहुँचे।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की दो दिन तक सुरक्षा जांच पूरी, जल्द मिल सकता है एयरोड्रम लाइसेंस



**गौतमबुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर जिले में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का ब्यूरो आफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) की टीम ने लगातार सोमवार और मंगलवार 2 दिन तक निरीक्षण किया और मानकों को परखा। टीम जल्द ही अपनी रिपोर्ट नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सौंपेगी। वहां से ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस मिल जाएगा।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बुधवार को बताया कि बीसीएसी की टीम ने दो दिनों की सुरक्षा जांच पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट में सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। बीसीएसी की टीम ने यात्रियों के बैगेज जांच करने वाले उपकरण को भी टेस्ट किया। इस दौरान एयरसाइड टर्मिनल भवन और अन्य स्थानों पर तैनात होने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों की पर्याप्त संख्या का आकलन किया गया। टीम ने एयरपोर्ट के सभी सुरक्षा उपकरणों की जांच की।

इस दौरान सुरक्षा मानक के अनुसार अनुपालन को देखा। टीम ने दो दिनों में अपनी जांच पूरी कर ली है। बीसीएसी टीम जल्द ही अपनी रिपोर्ट देगी। अनुमान है की रिपोर्ट मिलने के बाद डीजीसीए इसी सप्ताह एरोड्रम लाइसेंस जारी कर देगा। उन्होंने बताया कि एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद एयरपोर्ट के उद्घाटन की तिथि तय की जाएगी।

## नगर निगम के महाभियान से वायु गुणवत्ता में सुधार, पानी का छिड़काव जारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम के महाअभियान ने शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने में सफलता हासिल की है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में सभी विभाग–निर्माण, उद्यान, स्वास्थ्य और जलकल–सहयोग से सड़कों की मरम्मत, ग्रीन बेल्ट का रखरखाव और नियमित पानी का छिड़काव कर रहे हैं।

अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बताया कि पानी का छिड़काव सुबह 7 बजे से रात 12 बजे तक जारी रहता है। साथ ही कूड़ा जलाने और सी एंड डी वेस्ट के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

नतीजा साफ दिखा–एनसीआर का ग्रेड 3 हटाया गया और एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 से घटकर 329 तक पहुँच गया। नगर निगम ने सभी विभागों और शहरवासियों से प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग की अपील की है। अभियान अनिश्चित काल तक जारी रहेगा।

## एमएसपी से लेकर कर्ज माफी तक गाजियाबाद में भाकियू का बड़ा आंदोलन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों की बड़ी संख्या जिला मुख्यालय पहुंची और अपनी समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि देश में कृषि संकट लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सरकार किसानों की समस्याओं को अनदेखा कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा पूरा नहीं हुआ, बल्कि खेती की लागत कई गुना बढ़ गई है। धान सहित कई फसलों के एमएसपी और बाजार भाव में भारी अंतर होने से किसान नुकसान में हैं। कई राज्यों में एमएसपी पर खरीद होती है, लेकिन पूरे देश में इसे लागू नहीं किया जा रहा।

ज्ञापन में बताया गया कि किसानों के ऋण माफ नहीं हुए, उर्वरक सब्सिडी में कटौती कर दी गई, और काले बाजार की वजह से खादझ डीएपी समय पर नहीं मिल पा रही। मनरेगा में भी काम के दिन और मजदूरी बहुत कम हैं। ज्ञापन में 10 मुख्य मांगें रखी गईं–सभी फसलों पर सी2+50% के फामूर्ले से एमएसपी की कानूनी गारंटी, सार्वभौमिक ऋण माफी, खेती के लिए मुफ्त बिजली और स्मार्ट मीटरों पर रोक, मनरेगा में 200 दिन काम और 700 रुपये मजदूरी, उर्वरक सब्सिडी बहाल, बाढ़झ भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना, बुलडोजर कार्रवाई बंद करने और जमीन अधिग्रहण में कानून का पालन शामिल है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द वार्ता कर समाधान नहीं करती तो आंदोलन और बड़ा व लंबे समय का होगा।

## गाजियाबाद में मतदाता सूची पुनरीक्षण तेज डीएम ने निजी विद्यालयों को दिए खास निर्देश

### अभिभावकों तक SIR फॉर्म पहुँचाने से लेकर PTM में विशेष चर्चा तक–स्कूलों की भूमिका हुई और मजबूत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिले में चल रहे मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने निजी विद्यालयों को स्पष्ट और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीएम ने कहा कि पात्र नागरिकों के नाम अभी भी सूची से छूट जाते हैं, इसलिए विद्यालयों की भागीदारी बेहद आवश्यक है। जारी पत्र में विद्यालयों को चार प्रमुख जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।

सबसे पहले–SIR फॉर्म भरवाने का संदेश स्कूलों के अभिभावक व्हाट्सऐप समूहों में नियमित रूप से भेजा जाए। दूसरा–विद्यार्थियों के माध्यम से अभिभावकों/संरक्षकों को शीघ्र फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया जाए। तीसरा–आगामी PTM में 10–15 मिनट सिर्फ. मतदाता सूची जागरूकता के लिए तय किए जाएँ।

और चौथा–विद्यालय अपने परिसर में इछड या तहसील से उपलब्ध SIR फॉर्म रखवाएँ, ताकि किसी अभिभावक को फॉर्म प्राप्त करने में दिक्कत न हो। डीएम ने कहा कि मतदाता सूची का सही और अद्यतित होना जिले के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए मूलभूत आवश्यकता है। ऐसे में विद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी और भूमिका दोनों अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती हैं।

## सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी पाबी सादकपुर गेट के सामने हुए दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई ऑटो सवार महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पीड़ित परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

पूजा कॉलोनी निवासी मोहम्मद अख्तर ने बताया कि उनकी पत्नी शबाना (40) दिल्ली खजूरी में रिश्तेदारों के यहां गई थीं और सोमवार को ऑटो से घर लौट रही थीं। इसी दौरान पावी सादकपुर गेट के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो सड़क पर पलट गया, जिससे शबाना गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घायल महिला को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल पहुंचाया, जहां 24 नवंबर को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम के अनुसार, पीड़ित की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी चालक फरार है और उसकी तलाश जारी है।

## आरकेजीआईटी के एमबीए विभाग में 'मंथन-2025' - बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आरकेजीआईटी कॉलेज में बुधवार को स्टूडेंट्स के लिए बिजनेस क्विज-मंथन का आयोजन किया गया। प्रोग्राम में कई प्रोफेशनल्स ने स्टूडेंट्स को मैनेजमेंट के मौजूदा तरीकों से अवगत कराया। क्विज कंपटीशन में 50 से ज्यादा टीमों ने हिस्सा लिया।

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 26 नवंबर 2025 को आरकेजीआईटी समूह के सलाहकार डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डॉ.डी.के.चौहान, निदेशक, डॉ.बी.सी.शर्मा और एचओडी एमबीए डॉ.विभूति त्यागी व गाजियाबाद प्रबंधन संघ के कार्यकारी निदेशक राहुल अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रोग्राम में डॉ लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि आज के दौर में मैनेजमेंट स्टूडेंट्स की उपयोगिता बढ़ गई है। मल्टीनेशनल कंपनियां आ रही हैं उन्हें अपना बिजनेस बढ़ाने के लिए स्टूडेंट्स की जरूरत होती है इसलिए मैनेजमेंट स्टूडेंट्स को मार्केट में हो रहे बदलाव की जानकारी होनी चाहिए।

प्रोग्राम में मुख्य अतिथि उमंग गुप्ता-संचालन प्रमुख (विका ग्रुप) ने प्रतिभागियों को मोटिवेट किया व छात्रों को प्रबंधन से संबन्धित कई महत्वपूर्ण जानकारीया दी और कहा कि इस प्रकार के बिजनेस क्वीज कंपटीशन स्टूडेंट्स की क्षमता को विकसित करते हैं।

इस प्रोग्राम का आयोजन डॉ निशि पाठक के संरक्षण में किया गयाक तथा बाकि सभी फैकल्टीज ने भी प्रोग्राम के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया।

कालेज के सभी उच्च अधिकारियों ने डिपार्टमेंट के कार्यक्रम 'मंथन-2025' बिजनेस क्विज प्रतियोगिता की सफलता की बधाई दी।

## संविधान दिवस पर शिक्षण ट्रस्ट ने लिया संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा का संकल्प

### हमें भारत के संविधान पर गर्व है : राम दुलार यादव

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षाविद राम दुलार यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी उपस्थित साथियों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को याद किया और उनके द्वारा बनाए गए विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधान तथा संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना पढ़कर की गई, जिसके बाद देश-प्रेम के गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सत्ता से यह माँग की गई कि विद्यालयों में संविधान की मूल भावना, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के अध्ययन की व्यवस्था की जाए।

राम दुलार यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर और प्रभावित किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने जिस देश की कल्पना की थी, उसमें उपेक्षित और वंचित वर्ग को भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए जितना प्रभु वर्ग को।

इस अवसर पर हाजी मोहम्मद सलाम, इंजी. धीरेन्द्र यादव, शिवम् पाण्डेय, राजीव गर्ग, प्रेमचंद पटेल, शीतल यादव, हुकुम सिंह, हरिकृष्ण, रोहित यादव, साहिल, सुभाष यादव, दिलीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



### संविधान और मौलिक अधिकारों की रक्षा पर जोर

करंट क्राइम। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद राम दुलार यादव ने कहा कि हमें भारत के संविधान पर गर्व है, जिसे डॉ. अम्बेडकर ने कठिन परिश्रम कर 2 साल 11 महीने और 18 दिन में तैयार किया था। उन्होंने बताया कि संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, जिसने जनता को मौलिक अधिकार, स्वतंत्रता, समता, न्याय, बंधुता और हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया।

## नागरिक सुरक्षा वार्डन/ स्वयंसेवकों का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण आयोजित

### गृह मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित प्रशिक्षण में प्राथमिक चिकित्सा से लेकर सीपीआर तक महत्वपूर्ण सत्र






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय एवं महानिदेशक नागरिक सुरक्षा के निर्देशानुसार नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के वार्डन/स्वयंसेवकों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। निर्देशों के अनुपालन में 26 नवंबर 2025 को प्रातः 10:30 बजे से रामलीला मैदान, कविनगर स्थित ऑडिटोरियम में यह प्रशिक्षण सत्र संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण की शुरूआत सहायक उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा गुलाम नबी द्वारा की गई, जिन्होंने प्राथमिक चिकित्सा के विभिन्न कार्यों तथा मानव शरीर की संरचना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके बाद जिला एम.एम.जी. चिकित्सालय से आए डॉ. चरन सिंह ने वार्डन एवं स्वयंसेवकों को दुर्घटना के दौरान दम घुटना, सदमा, बेहोशी, घाव, जलना-झुलसना तथा इनके उपचार और बचाव से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इसके अतिरिक्त सहायक उपनियंत्रक गुलाम नबी एवं आई.सी.ओ. गाजियाबाद तुषार शर्मा द्वारा कृत्रिम स्वसन के प्रकार, सीपीआर, स्ट्रेचर उपयोग तथा घायल को सुरक्षित ले जाने की तकनीक पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता सरदार एसपी सिंह ने अपने दो दोस्तों के साथ फेसबुक पर एक पोस्ट साझा की। उन्होंने दोस्ती के अर्थ बताएं और कहा कि दोस्ती हो जाना मायने नहीं रखता है, दोस्ती को सम्मान देना और उसे जीवित रखना मायने रखता है। सरदार एसपी सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# इस्तांबुल होटल में जहरीली गैस से तुर्की-जर्मन परिवार की मौत, सुरक्षा मानकों पर उठे बड़े सवाल

**इस्तांबुल।** इस्तांबुल के फातिह इलाके में छुट्टियां मनाने आए तुर्की-जर्मन बोसेक परिवार के चार सदस्यों की मौत होटल में कीटनाशक से बनी जहरीली फॉस्फीन गैस के संपर्क में आने से हुई। प्रारंभिक ऑटोप्सी में कमरे से गैस के अंश मिले, जबकि भोजन विषाक्तन की आशंका खारिज कर दी गई।

तुर्किये के इस्तांबुल में छुट्टियां मनाने पहुंचे एक तुर्की-जर्मन परिवार की मौत ने होटल सुरक्षा मानकों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह परिवार होटल में कीटनाशक गैस से जहरीले असर का शिकार हुआ। चारों की मौत ने स्थानीय प्रशासन से लेकर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों तक में चिंता बढ़ा दी है। यह घटना 12 से 17 नवंबर के बीच इस्तांबुल के फातिह इलाके में घटित हुई।

जांच के मुताबिक जर्मनी से आया बोसेक परिवार इस्तांबुल के फातिह जिले के एक होटल में ठहरा हुआ था।



12 नवंबर को सभी अचानक बीमार पड़े और इलाज के लिए टैक्सी से अस्पताल गए।

प्राथमिक इलाज के बाद वे वापस होटल लौट आए, लेकिन अगले ही दिन हालत फिर बिगड़ गई। इस बार उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों बच्चों 6 वर्षीय कादिर मुहम्मद और 3 वर्षीय मसाल की उसी दिन मौत हो गई। मां सिग्देम की 14 नवंबर और पिता सर्वेत की 17 नवंबर को मौत हुई।

## जांच में मिला कीटनाशक गैस का असर

प्रारंभिक ऑटोप्सी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि होटल कमरे में फॉस्फीन गैस के अंश मिले हैं। यह गैस आमतौर पर कीट नियंत्रण में इस्तेमाल होने वाले एक कीटनाशक का मेटाबोलाइट है। रिपोर्ट के अनुसार तौलिए, मास्क और कमरे से लिए गए कई स्वैब नमूनों में इस जहरीली गैस की पुष्टि हुई है। यह संकेत है कि कमरे में कीट नियंत्रण का तरीका गलत तरीके से अपनाया गया था, जिससे घातक असर हुआ।

## सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल

इस घटना ने तुर्की के पर्यटन क्षेत्र में सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। विशेषज्ञों और नागरिक संगठनों ने होटल निरीक्षण प्रणाली को मजबूत करने और कीटनाशक उपयोग से जुड़े प्रोटोकॉल को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

बोसेक परिवार की मौत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा में जरा-सी चूक भी घातक साबित हो सकती है। जांच एजेंसियां पूरे मामले को गंभीरता से देख रही हैं और विस्तृत रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत की जाएगी।

### भोजन से नहीं, गैस से हुई मौतें

ऑटोप्सी ने साफ किया है कि परिवार को किसी तरह का खाद्य विषाक्तन नहीं हुआ था। शुरूआत में यह शक था कि उन्होंने शहर के कुछ स्थानों पर स्ट्रीट फूड खाया था, जो बीमारी का कारण हो सकता है। लेकिन रिपोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि फॉस्फीन गैस अत्यधिक जहरीली होती है और बंद कमरे में इसका संपर्क घातक हो सकता है।

### अन्य पर्यटकों की भी तबीयत बिगड़ी

होटल में ठहरे दो अन्य पर्यटकों में भी उल्टी की शिकायत हुई, जिनका बाद में अस्पताल में इलाज किया गया। घटना सामने आने के बाद होटल को तुरंत बंद कर दिया गया है। जांच के सिलसिले में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें होटल मैनेजमेंट से जुड़े लोग और वे कर्मचारी शामिल हैं, जिनके ऊपर कीटनाशक के गलत इस्तेमाल का संदेह है।

# इस्राइल ने लौटाए 15 और फलस्तीनियों के शव

## सीजफायर के दूसरे चरण पर चर्चा के लिए मिले तीन देशों के अधिकारी

**खान यूनिस।** इस्राइल ने पंद्रह और फलस्तीनियों के शव सौंप दिए हैं। संघर्षविराम समझौते का पहला चरण खत्म होने के करीब है और अधिकारी दूसरे चरण पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए हैं। गाजा में अस्पताल के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम उस समय हुआ है, जब फलस्तीनी लड़ाकों ने इस्राइली बंधक ड्रोर ओर के अवशेष लौटाए हैं। इस्राइली सेना का कहना है कि हमास के सात अक्तूबर 2023 के हमले में उनकी मौत हो गई थी। समझौते के तहत इस्राइल हर एक बंधक के बदले 15 फलस्तीनी शव लौटाने के लिए तैयार हुआ है।



गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, ताजा आदानझ्प्रदान के बाद इस्राइल अब तक कुल 345 फलस्तीनी शव गाजा वापस भेज चुका है। ये आदानझ्प्रदान पिछले महीने शुरू हुए थे। गाजा में अभी भी दो लोग हमास की कैद में हैं। इनमें एक इस्राइली और एक थाई नागरिक है। तुर्किये, कतर और मिस्र के अधिकारियों ने बुधवार को काहिरा में मुलाकात की, ताकि संघर्षविराम के दूसरे चरण पर बात की जा सके। दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे पर संघर्षविराम के उल्लंघन के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसके बावजूद यह संघर्षविराम अब तक बना हुआ है।

समझौते के अगले चरणों में एक अंतरराष्ट्रीय बल को तैनात करना और गाजा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक ढांचा बनाना शामिल है, जो पुनर्निर्माण कार्य की निगरानी भी करेगा।

सशस्त्र अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल का काम सुरक्षा बनाए रखना और हमास का निरस्त्रीकरण सुनिश्चित करना होगा। यह इस्राइल की मुख्य मांग है। इंडोनेशियाई अधिकारियों ने कहा है कि वे इस बल के लिए 20 हजार शांति सैनिक भेजने की योजना बना रहे हैं।

इस योजना के लगभग हर हिस्से और इसे लागू करने के समय को लेकर सवाल बने हुए हैं। इस बीच, लगभग सभी फलस्तीनी अपने घरों से विस्थापित हैं और मानवीय मदद पर निर्भर हैं। हमास अभी भी गाजा के लगभग आधे हिस्से पर बड़ा नियंत्रण रखता है और गाजा के पुनर्निर्माण की शुरूआत भी मुश्किल से हुई है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस्राइल की ओर से लौटाए गए 345 शवों में से केवल 99 की पहचान हो सकी है। उनका कहना है कि गाजा में डीएनए परीक्षण किट की कमी के कारण पहचान की प्रक्रिया बेहद मुश्किल है।

# अगले महीने शुरू होगी पाकिस्तान बांग्लादेश सीधी उड़ान सेवा, ढाका कराची के बीच हफ्ते में तीन फ्लाइट्स



**लाहौर।** बांग्लादेशी उच्चायुक्त ने कहा कि ढाका और कराची के बीच हफ्ते में तीन फ्लाइट्स संचालित होंगी। तेहरान में मौजूद एक निजी ईरानी एयरलाइन महान एयर इन फ्लाइट्स का संचालन करेगी। ढाका के एक शीर्ष राजनयिक ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सीधी उड़ान सेवा अगले महीने से शुरू होगी। जो दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में ये एक बड़ी छलांग होगी। पिछले कई वर्षों से पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच कोई सीधी फ्लाइट नहीं थी। इस साल दोनों देशों के बीच रिश्ते बेहतर होने पर, हाल ही में दो पाकिस्तानी निजी एयरलाइंस को बांग्लादेश के लिए सीधी फ्लाइट के लिए मंजूरी मिली है।

## वीजा प्रक्रिया को आसान बनाया

इस्लामाबाद में बांग्लादेश के उच्चायुक्त इकबाल हुसैन खान ने लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में कहा, 'महान एयर अगले महीने से ढाका और कराची के बीच हफ्ते में तीन फ्लाइट्स शुरू करेगी।' हालांकि, उन्होंने कोई तारीख नहीं बताई और न ही विस्तृत जानकारी दी। उच्चायुक्त ने आगे कहा 'वीजा प्रक्रिया को भी आसान बना दिया गया है।

वीजा लाहौर में बांग्लादेश ऑनरेरी कॉन्सुलेट की संयुक्त सिफारिश पर जारी किए जा रहे हैं। सदस्यों को तीन से चार दिनों के अंदर वीजा जारी कर दिए जाएंगे, जिससे दोनों देशों के बीच यात्रा तेज और आसान हो जाएगा।' बांग्लादेशी उच्चायुक्त ने कहा कि ढाका और कराची के बीच हफ्ते में तीन फ्लाइट्स संचालित होंगी। बता दें कि महान एयरलाइंस, जो महान एयर के नाम से चलती है, तेहरान में मौजूद एक निजी ईरानी एयरलाइन है। 5 अगस्त, 2024 को बांग्लादेश में छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से अपदस्थ कर दिया गया था

### शेख हसीना के सत्ता से अपदस्थ होने के बाद करीब आए बांग्लादेश और पाकिस्तान

हाल ही में, दो पाकिस्तानी निजी एयरलाइन फ्लाई जिन्ना और एयरसियाल को भी बांग्लादेश में उड्डयन प्राधिकरण से पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सीधी उड़ान चलाने की मंजूरी मिली है। हाई कमिश्नर खान ने कहा कि दोनों देशों के बीच एक सीधी कार्गो शिपिंग सर्विस भी जल्द ही शुरू की जाएगी। लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष फहीमुर रहमान सैगोल ने कहा कि पाकिस्तान बांग्लादेश को चावल का निर्यात बढ़ा सकता है और ढाका टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट्स के अलावा पाकिस्तान को फल भी सप्लाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास क्ष्क्ष्, ऑटोमोबाइल और दूसरी इंडस्ट्रीज में मिलकर काम करने के मौके हैं। सैगोल ने कहा, 'अभी, दोनों देशों के बीच सात करोड़ डॉलर की है, लेकिन अगले कुछ वर्षों में यह तीन अरब डॉलर तक बढ़ सकता है।'

# नेपाल में फिर से सड़क पर उतरे जेन जी, पीएम कार्की के पर्सनल सेक्रेटरी को लेकर मचा बवाल, इस्तीफे की मांग

**नई दिल्ली।** नेपाल में जेनरेशन जेड (जेन-जी) प्रोटेस्ट के दौरान भड़की हिंसा के बाद केपी ओली की सरकार गिरा दी गई थी। हालांकि, अगले साल की शुरूआत में वहां आम चुनाव होने वाला है, लेकिन अभी भी हालात स्थिर नहीं हैं। चुनावी तामझाम से इतर नेपाल में जेन-जी फिर से अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतर रहे हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के चीफ पर्सनल सेक्रेटरी आदर्श श्रेष्ठ की पत्नी और उनके परिवार के सदस्यों को सेक्रेटेरिएट में नियुक्त किया गया है। नेपाली मीडिया की ओर से साझा जानकारी के अनुसार इस नियुक्ति के खुलासे के बाद से जेनरेशन जी के नेताओं और जनता ने अपना गुस्सा जाहिर किया और आदर्श श्रेष्ठ के इस्तीफे की मांग की। जेन-जी ने नेपाल में एक बार फिर भाई-भतीजावाद का मुद्दा उठाया है। वहीं पीएम सुशीला के कार्यालय ने एक प्रेस रिलीज में इस नियुक्ति को पारिवारिक कारणों से जरूरी बताया। सोशल मीडिया पर जेन-जी लीडर रक्ष्या बाम ने लिखा, 'पारदर्शिता और जवाबदेही' हमारी मुख्य मांगें थीं। सिविक सरकार को पारदर्शी और लोगों के प्रति जवाबदेह बनना चाहिए। आदर्श श्रेष्ठ को तुरंत ऑफिस से हटा देना चाहिए, और जो नियुक्ति उन्होंने भाई-भतीजावाद और फेवरेटिज्म को बढ़ावा देते हुए किए थे, उन्हें कैंसल कर देना चाहिए। इससे पहले भी नेपाल में हिंसा भड़की थी। जेन-जी के नेता और समर्थक लगातार अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतर रहे हैं। नेपाल के सिमारा में बीते 21 नवंबर को जेन-जी के युवा सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे थे, जिस दौरान हिंसक झड़प देखने को मिली। नेपाली मीडिया के अनुसार जेन जेड युवा शांति से विरोध प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा हुए थे।



# हांगकांग में अपार्टमेंट में लगी भीषण आग, चार की मौत अस्पताल में भर्ती कराए गए तीन लोग

**हांगकांग।** हांगकांग में एक ऊंची रिहायशी इमारत में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हांगकांग के एक ऊंचे रिहायशी परिसर में बुधवार को भीषण आग लग गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग अंदर फंस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

चार लोगों की मौत और तीन अस्पताल में भर्ती

सरकार की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि चार लोगों की मौत हुई है। तीन अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से दो की हालत गंभीर है, वहीं एक की स्थिति स्थिर है।

## मृतकों में दमकलकर्मी के शामिल होने की आशंका

स्थानीय मीडिया ने जानकारी दी कि मरने वालों में एक दमकलकर्मी भी शामिल है। हालांकि इसकी तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी। पुलिस ने कहा कि उन्हें इमारतों में फंसे लोगों के कई फोन कॉल मिले।



दमकल विभाग ने घोषित की 'नंबर-4' चेतावनी तेजी से फैलती आग ने बांस के मचान को अपनी चपेट में ले लिया, जो इमारत के बाहरी हिस्से पर लगाया गया था। इससे बेहद तेज लपटें और घना धुआं उठने लगा। लाइव वीडियो में दिखाया गया कि दमकलकर्मी ऊंचे लैडर ट्रक से आग पर पानी डाल रहे थे। यह आग दोपहर बाद लगी। दमकल विभाग ने इसे 'नंबर 4 चेतावनी' घोषित किया। यह चेतावनी आग की गंभीरता का दूसरा सबसे उच्च स्तर है।

यह भीषण आग लगने की घटना ताई पो में हुई। यह हांगकांग में एक उपनगरीय इलाका है, जो चीन के शहर शेनझेन की सीमा के पास स्थित है।

## इमारत निर्माण के दौरान होता है बासं के मचान का इस्तेमाल

हांगकांग में आमतौर पर इमारत निर्माण और मरम्मत के दौरान बांस का मचान इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, सरकार ने इस साल की शुरूआत में कहा था कि सुरक्षा कारणों से सार्वजनिक परियोजनाओं में इसे धीरे-धीरे हटाया जाएगा।

# पटेल को लेकर चर्चा तेज

## व्हाइट हाउस ने कहा-कोई संकट नहीं

**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक्स पर लिखा कि यह खबर पूरी तरह से मनगढ़ंत है। उन्होंने कहा कि जब यह शीर्षक प्रकाशित हुआ, तब वह ओवल ऑफिस में थीं, जहां ट्रंप पटेल और उनकी कानून प्रवर्तन टीम के साथ बैठक कर रहे थे।



एक रिपोर्ट के हवाले से दावा किया जा रहा है कि एफबीआई निदेशक के रूप में काश पटेल का भविष्य सवालों के घेरे में है। रिपोर्ट में इस मामले से परिचित तीन लोगों के हवाले से बताया गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आगामी महीनों में उन्हें हटाने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, व्हाइट हाउस की ओर से इस रिपोर्ट को तुरंत खारिज कर दिया गया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक्स पर लिखा कि यह खबर पूरी तरह से मनगढ़ंत है। उन्होंने कहा कि जब यह शीर्षक प्रकाशित हुआ, तब वह ओवल ऑफिस में थीं, जहां ट्रंप पटेल और उनकी कानून प्रवर्तन टीम के साथ बैठक कर रहे थे। एक रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगी पटेल के बारे में नकारात्मक सुर्खियों की लहर से परेशान हो गए हैं और उन्हें हटाने पर चर्चा शुरू कर दी है। कैरोलिन लेविट ने बताया कि राष्ट्रपति इस कहानी पर हंसे और पटेल के नेतृत्व में विश्वास दिखाने के लिए उनके साथ फोटो खिंचवाई। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि ट्रंप ने सहयोगियों को बताया है कि वह एफबीआई निदेशक पद के लिए शीर्ष एफबीआई अधिकारी एंड्रयू बेली के नाम पर विचार कर रहे हैं। दो सूत्रों ने पटेल को बहुत ही कमजोर स्थिति में बताया था। सूत्रों ने कहा था कि उनका हटना पहले से कहीं ज्यादा नजदीक दिख रहा है। हालांकि व्हाइट हाउस की प्रतिक्रिया सामने आने के बाद इस मामले का पटाक्षेप होता दिख रहा है।

पटेल को कई सप्ताह से ब्यूरो संसाधनों के प्रबंधन के संबंध में जांच का सामना करना पड़ रहा है। इनमें उनकी प्रेमिका की सुरक्षा व्यवस्था, सरकारी जेट के इस्तेमाल और ट्रंप के वफादार साथियों के साथ आंतरिक टकराव के बारे में सवाल शामिल हैं।

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक रिपोर्ट में बताया था कि उन्होंने कई निजी यात्राओं के लिए सरकारी विमान का इस्तेमाल किया था।

# इस्राइल ने बड़ा निर्णय लिया: मिजोरम मणिपुर के 5,800 बेनी मेनशे यहूदियों को 2030 तक बसाएगा

**जेरुशलम।** बेनी मेनशे समुदाय का दावा है कि वे 2,700 वर्ष पूर्व निर्वासित मेनशे जनजाति के वंशज हैं, जिसे इस्राइल की खोई हुई जनजातियों में गिना जाता है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मिजोरम व मणिपुर में रह रहे बेनी मेनशे यहूदी समुदाय के सभी 5,800 लोगों को इस्राइल लाया जाएगा। यह निर्णय रविवार को कैबिनेट बैठक में किया गया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि यह कदम इस्राइल के उत्तर क्षेत्र को मजबूत करेगा।



## करीब 2.7 करोड़ डॉलर खर्च होंगे

यहूदियों की अंतरराष्ट्रीय संस्था ज्यूइश एजेंसी फॉर इस्राइल ने भी इस ऐतिहासिक कदम बताया है। फैसले के तहत बेनी मेनशे यहूदियों को वर्ष 2030 तक लाया जाएगा। इनमें से 1,200 लोगों की 2026 में ही वापसी होगी। पहली बार ज्यूइश एजेंसी पूरी प्रक्रिया संभालेगी। इस पूरी योजना पर करीब 2.7 करोड़ डॉलर खर्च होंगे। आने वाले दिनों में रब्बियों का सबसे बड़ा दल भारत भेजा जाएगा, जो करीब 3,000 लोगों के इंटरव्यू करेगा, जिनके प्रथम श्रेणी के रिश्तेदार पहले से इस्राइल में रहते हैं।

## 2,700 वर्ष पहले निर्वासन

बेनी मेनशे समुदाय का दावा है कि वे 2,700 वर्ष पूर्व निर्वासित मेनशे जनजाति के वंशज हैं, जिसे इस्राइल की खोई हुई जनजातियों में गिना जाता है। यहूदी धर्म अपनाने व इस्राइल के चीफ रब्बी से पहचान मिलने से पूर्व कई लोग ईसाई धर्म मानते थे। करीब 2,500 बेनी मेनशे यहूदी पहले से ही इस्राइल में हैं और बड़ी संख्या में सेना में सेवा दे रहे हैं।

2,500 से अधिक लोग पहले ही इस्राइल में बसे

वर्तमान में लगभग 2,500 बेनी मेनशे यहूदी पहले से इस्राइल में रह रहे हैं। इनमें से बड़ी संख्या इस्राइल रक्षा बल में योगदान दे रही है। ज्यूइश एजेंसी का कहना है कि विस्तारित योजना से समुदाय के हजारों सदस्यों को अपने ऐतिहासिक घर लौटने का अवसर मिलेगा और यह इस्राइल के उत्तरी क्षेत्र को जनसंख्या व रक्षा के नजरिए से मजबूत करेगा।

# मूसलाधार बारिश ने मचाई भीषण तबाही, सुमात्रा द्वीप पर बाढ़-भूस्खलन से 17 की मौत, कई लापता

**मेदान।** सिबोलगा के पुलिस प्रमुख एडी इंगंटा ने कहा कि आपातकालीन आश्रय स्थल स्थापित कर दिए गए हैं और अधिकारियों ने उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के निवासियों से तत्काल घर खाली करने का आग्रह किया है।

इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई और भूस्खलन में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लापता हो गए। पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पिछले हफ्ते हुई मानसूनी बारिश की वजह से नदियों के बांध टूट गए।

पुलिस ने बताया कि पहाड़ी गांवों में कीचड़ भर गया, चट्टानें और पेड़ गिर गए, जिससे भारी तबाही हुई। इन घटनाओं के बाद बचाव दल उत्तरी सुमात्रा प्रांत के छह क्षेत्रों में प्रभावित इलाकों तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बयान के अनुसार बचावकर्मियों ने बुधवार तक सबसे ज्यादा प्रभावित सिबोल्गा शहर से कम से कम पांच



शव बरामद किए हैं। साथ ही तीन घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया है। पड़ोसी जिले मध्य तपनौली में भूस्खलन की चपेट में आकर कई घर तबाह हो गए, जिसमें कम से कम चार लोगों का एक परिवार मारा गया और बाढ़ से लगभग 2,000 घर और इमारतें जलमग्न हो गईं।

बाढ़ और भूस्खलन के कारण पेड़ों के उखड़ने से दक्षिण तपनौली जिले में एक ग्रामीण की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। मंडेलिंग नटाल जिले में एक पुल नष्ट हो गया और 470 घर जलमग्न हो गए। बयान में कहा गया है कि नियास द्वीप में कीचड़ और मलबे की वजह से एक मुख्य सड़क बाधित हो गई है।

सिबोलगा के पुलिस प्रमुख एडी इंगंटा ने कहा कि आपातकालीन आश्रय स्थल स्थापित कर दिए गए हैं और अधिकारियों ने उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के निवासियों से तत्काल घर खाली करने का आग्रह किया है। पहाड़ी शहर में छह भूस्खलनों में 17 घर और एक कैफे ध्वस्त होने के बाद उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लगातार बारिश से और ज्यादा भूस्खलन हो सकता है।

इंगंटा ने कहा कि खराब मौसम और भूस्खलन के कारण बचाव अभियान में रुकावट आई है। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों के कठिन परिस्थितियों से जूझने के कारण पहुंच सीमित बनी हुई है। राष्ट्रीय आपदा एजेंसी ने इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा के दो इलाकों में 17 दिनों के अभियान के बाद राहत कार्यों की मंगलवार को आधिकारिक समाप्ति का एलान किया था। कुछ ही घंटों बाद सुमात्रा द्वीप पर बारिश की वजह से बाढ़ और भूस्खलन का कहर देखने को मिला।

वहीं, मध्य जावा के सिलाकैप और बंजारनेगारा जिलों में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दबे लोगों की तलाश के लिए 1,000 से ज्यादा बचावकर्मियों को तैनात किया गया था। भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 38 लोगों की मौत हो गई थी।

# चीन को कड़ा जवाब देने को तैयार ताइवान

## राष्ट्रपति लाई पेश करेंगे 40 अरब डॉलर का अतिरिक्त रक्षा बजट

**ताइपे।** राष्ट्रपति लाई के कार्यालय ने बताया कि ताइवान के नेता बुधवार सुबह वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की बैठक के बाद रक्षा मंत्री वेलिंगटन कू के साथ एक संवाददाता सम्मेलन करेंगे। ताइवान ने चीन की आक्रामकता को मुंहतोड़ जवाब देनी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने वाशिंगटन पोस्ट के एक लेख में कहा कि देश अपनी रक्षा के दृढ़ संकल्प को दशार्ने के लिए 40 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त रक्षा बजट पेश करेगा। इस बजट में जरूरी नए अमेरिकी हथियारों की खरीद की योजना भी शामिल है।

राष्ट्रपति चिंग-ते के इस बयान से चीन को मिर्ची लगना तय है। बीते पांच वर्षों में चीन ने ताइवान को अपने देश का हिस्सा बताने के दावों को पुख्ता करने के लिए ताइपे पर सैन्य और राजनीतिक दबाव बढ़ा दिया है। हालांकि, ताइवान इसे दृढ़ता से खारिज करता रहा है।

ताइवान को वाशिंगटन से अपनी रक्षा पर ज्यादा खर्च करने के लिए भी गुजारिश करनी पड़ रही है, जो यूरोप पर अमेरिका के दबाव को दशार्ता है। इस साल अगस्त महीने में लाई ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि 2030 तक रक्षा व्यय सकल घरेलू उत्पाद के 5 फीसदी तक पहुंच जाएगा।

उन्होंने मंगलवार को प्रकाशित लेख में कहा, 'यह ऐतिहासिक पैकेज न केवल अमेरिका से



महत्वपूर्ण नए हथियारों की खरीद को वित्तपोषित करेगा, बल्कि ताइवान की विषम क्षमताओं को भी व्यापक रूप से बढ़ाएगा।' उन्होंने लिखा कि ऐसा करने में हमारा लक्ष्य बीजिंग की ओर से बल प्रयोग के संबंध में फैसले लेने में ज्यादा लागत और अनिश्चितताएं डालकर निवारण को मजबूत करना है।

लाई ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह अतिरिक्त रक्षा व्यय का प्रस्ताव देंगे, लेकिन उन्होंने इसका ब्यौरा नहीं दिया था। उनके कार्यालय ने बताया कि लाई बुधवार सुबह वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की बैठक के बाद रक्षा मंत्री वेलिंगटन कू के साथ एक संवाददाता सम्मेलन करेंगे।

2026 तक सरकार रक्षा खर्च को 949.5 अरब ताइवान डॉलर (30.25 अरब डॉलर) तक पहुंचाने का प्रस्ताव कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह जीडीपी के 3.32 फीसदी के बराबर है, जो 2009 के बाद पहली बार 3 फीसदी की सीमा को पार कर गया है।

औपचारिक राजनयिक संबंधों के अभाव के बावजूद अमेरिका कानून के मुताबिक ताइवान को आत्मरक्षा के साधन मुहैया कराने के लिए बाध्य है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद से उनके प्रशासन ने अब तक ताइवान को केवल एक नए हथियार की बिक्री को मंजूरी दी है। जो लड़ाकू जेट और अन्य विमान भागों के लिए 330 मिलियन डॉलर का पैकेज है, जिसकी घोषणा इस महीने की शुरूआत में की गई थी।

लाई ने लिखा, 'हम राष्ट्रपति ट्रंप के आभारी हैं कि उन्होंने दुनिया भर में अमेरिकी नेतृत्व के महत्व को स्पष्ट कर दिया है। ट्रंप प्रशासन की ताकत के जरिए शांति की कोशिशों की वजह से आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय ज्यादा सुरक्षित है।'

चीन की ओर से अलगाववादी घोषित किए जाने की कोशिशों के बावजूद उन्होंने चीन के साथ वार्ता करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। लाई ने लिखा, 'हम इस समझ के साथ कि हमारा लोकतंत्र और स्वतंत्रता समझौता-योग्य नहीं है, दोनों देशों के बीच संवाद के अवसरों की तलाश जारी रखेंगे।'

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# ‘राइज इन इंडिया’ कार्यक्रम का भव्य समापन संविधान दिवस पर अतिथियों को दिलाई गई शपथ

## मुख्य अतिथि असीम अरुण और कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम का समापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एचआरआईटी विश्वविद्यालय में आयोजित ‘राइज इन इंडिया’ राष्ट्रीय कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन बुधवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व कन्नौज सदर विधायक असीम अरुण उपस्थित रहे, जबकि आयोजन की मेजबानी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने की। विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. अनिल अग्रवाल ने पुष्पदल, अंगवस्त्र और स्मृति-चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।






### उत्कृष्ट स्टॉल्स को मिला प्रथम–द्वितीय–तृतीय स्थान : प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन स्टॉल्स को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान दिया गया–

- प्रथम : परमाणु ऊर्जा विभाग
- द्वितीय : भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण
- तृतीय : रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन



### मुख्य अतिथि और कुलाधिपति का संबोधन




**करंट क्राइम।** डॉ. अनिल अग्रवाल और असीम अरुण ने अपने संबोधन में आयोजन को विद्यार्थियों और समाज दोनों के लिए उपयोगी बताया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल युवाओं में कौशल और नवाचार को बढ़ाते हैं, बल्कि विकसित भारत के लक्ष्य को भी मजबूत करते हैं। असीम अरुण ने कहा कि देश को शीर्ष राष्ट्रों की श्रेणी में पहुंचाने के लिए संसाधनों और प्रतिभा का बेहतर उपयोग आवश्यक है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा माहौल

**करंट क्राइम।** विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनमें सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की टीम द्वारा वंदे मातरम और राजस्थानी भवई नृत्य विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहे।

### कई जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ हस्तियाँ रहीं मौजूद

**करंट क्राइम।** समापन समारोह में लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, वरिष्ठ नेता बृजपाल तेवतिया, पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, गोपाल अग्रवाल, पवन सहलोत, अंजुल अग्रवाल, तथा पूर्व राज्यसभा सांसद के मीडिया सलाहकार राहुल गोयल सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस पर विचार एवं शहीद परिवारों का सम्मान

**करंट क्राइम।** संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने संविधान की मूल भावना पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं–सीएसआईआर, डीआरडीओ, आईएसआरओ आदि–को भी सम्मान प्रदान किया गया।



# श्रीनाथ पासवान को ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज बनाये जाने पर समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने दी बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त श्रीनाथ पासवान को ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज बनाये जाने पर समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने जिला उद्योग केन्द्र गाजियाबाद पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए शुभकामनाएं दीं, तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि गाजियाबाद के औधोगिक क्षेत्र में सरकार की सभी योजनाओं को सहजता से धरातल पर क्रियान्वित करते हुए, श्रीनाथ पासवान जी ने हमेशा उद्योगों को बढावा देने का काम किया है। तथा आप हमेशा ही छोटे से छोटे उद्यमी की मूलभूत आवश्यक्ताओं की पूर्ति पूरी जिम्मेदारी के साथ करते रहे हैं। जिसके कारण सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर सभी उद्यमियों को प्राप्त हो रहा है।

# वेव सिटी पुलिस ने चलाया ट्रैफिक जागरूकता अभियान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को यातायात जागरूकता सप्ताह के तहत वेव सिटी पुलिस ने संदीप ग्लोबल यूनिवर्सिटी में ट्रैफिक सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पुलिस उपयुक्त सिटी जोन धवल जायसवाल और संयुक्त पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियश्री पाल मुख्य अतिथि रहे।

छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के माध्यम से हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और अनुशासित ड्राइविंग का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने छात्रों से ट्रैफिक नियमों का पालन कर सड़क सुरक्षा को जीवन का अहम हिस्सा बनाने की अपील की।

# संविधान दिवस पर गाजियाबाद पुलिस ने ली राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस कार्यालय गाजियाबाद में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध केशव चौधरी ने उपस्थित सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्यों तथा संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों एवं उद्देशिका को दोहराते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान संविधान में वर्णित नागरिक दायित्वों और पुलिस बल की संवैधानिक जिम्मेदारियों को पुनः स्मरण कराया गया।

उपस्थित पुलिसकर्मियों ने देश की सर्वोच्च संस्था–संविधान–के प्रति निष्ठा, कर्तव्यपालन और समर्पण का संकल्प लिया।

# संविधान दिवस पर एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या ने किया उद्देशिका का वाचन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संविधान दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी के निर्देशन में एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में भारत के संविधान की ‘उद्देशिका’ का वाचन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उद्देशिका में उल्लिखित संकल्प– ‘हम, भारत के लोग, भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए; तथा अपने समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय; विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता; प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्रदान करने के लिए; तथा व्यक्ति की गरिमा एवं राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए– दृढ़ संकल्प होकर अपनी संविधान सभा में इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।’ – का सामूहिक वाचन कराया।

# बिना अनुमति डीजे बजाते दो गिरफ्तार पुलिस ने डीजे सेटअप किया सीज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना टीलामोड़ पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान बिना अनुमति डीजे बजा रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से डीजे सेटअप और वाहन को कब्जे में लेते हुए सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान एक गाड़ी से तेज आवाज में डीजे बजने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दोनों आरोपियों – जयराज (22) निवासी गोकुलपुरी, दिल्ली और मुकेश कुमार (40) निवासी करावल नगर, दिल्ली – को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी शादियों और पार्टियों में बिना किसी परमीशन के किराये पर डीजे उपलब्ध कराते थे। आज भी वे बिना अनुमति डीजे बजा रहे थे, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की।



पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 292 बीएनएस एवं 5/6 ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। बताया गया कि दोनों पर पहले भी ध्वनि प्रदूषण का एक मामला दर्ज है। पुलिस उनके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

# नोएडा में बढ़ी चोरी की वारदातें दो घरों से लैपटॉप मोबाइल और जेवरात चोरी

**नोएडा।** नोएडा के विभिन्न जगहों पर रहने वाले दो लोगों के घरों पर चोरों ने धावा बोलकर लैपटॉप, मोबाइल फोन, जेवरात और कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संजय दुबे नामक शख्स ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह हाजीपुर गांव के गली नंबर-5 में रहता है। पीड़ित के अनुसार वह एक कंपनी में इंजीनियर के रूप में काम करता है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि वह अपने घर पर देर रात तक काम कर रहे थे। काम करने के बाद रात एक बजे के करीब अपना लैपटॉप और मोबाइल फोन चार्ज में लगाया और सो गए। जब वह सुबह सोकर उठे तो उन्होंने देखा कि उनके घर का दरवाजा खुला है। पीड़ित के अनुसार अज्ञात चोर उनके घर से उसका लैपटॉप, मोबाइल फोन, पत्नी के सोने चांदी के जेवरात तथा नकदी आदि चोरी कर लिया है।



वहीं थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक पुनीत कुमार ने बताया कि सोनी पुत्र नरेंद्र कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मामूरा गांव में रहता है। पीड़ित के अनुसार अज्ञात बदमाशों ने उसके घर का ताला तोड़कर उनके घर में रखी हुई लाखों रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात 2,000 नकद, मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा पुलिस का बड़ा एक्शन

## वाहन चोरी गैंग के 3 शातिर गिरफ्तार, कई बाइक बरामद

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-दो पुलिस ने एक सूचना के आधार पर 3 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिल, एक चाकू बरामद किया है। इन बदमाशों ने एनसीआर में वाहन चोरी की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है। इसके अलावा थाना फेस-2 पुलिस ने चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 11 मोबाइल फोन, 1 चेन, 1 मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र बरामद किया है।



थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि एक सूचना के आधार पर उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने विकास पुत्र राजवीर, दीपक पुत्र प्रेमपाल और अमित पुत्र फौजदार को नट मढैया गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से चोरी की हुई तीन मोटरसाइकिलें बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाशों ने वाहन चोरी की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है। थाना प्रभारी ने बताया कि कल थाना बीटा-दो पुलिस ने राहुल, रोहित, सुमित, संदेश, सचिन, अर्जुन नामक 6 वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 16 मोटरसाइकिल बरामद किया था। यह बदमाश भी इसी गैंग के सदस्य थे। गिरफ्तार बदमाशों से हुई पूछताछ के आधार पर तीनों की आज गिरफ्तारी की गई है।

इसके अलावा थाना फेस-2 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार कार्रवाई करते हुए चोरी करने वाला अभियुक्त शुभम मंडल पुत्र विधान मंडल को सिटी पार्क सेक्टर-93 नोएडा के पास से गिरफ्तार कर चोरी के 11 मोबाइल फोन, 1 चेन (पीली धातु), 1 मोटर साइकिल व 1 अवैध चाकू बरामद किया है।

# भारतीय संविधान दिवस पर नगर निगम मुख्यालय व सभी जोनों में आयोजित हुए कार्यक्रम

## महापौर ने कराया प्रस्तावना का सामूहिक वाचन, नगर निगम के स्कूलों में रैली व विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जहाँ पार्षदों, अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया।

कार्यक्रम के समापन पर महापौर ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं, इन अधिकारों का सही उपयोग करना हमारी जिम्मेदारी है। संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा और आस्था के साथ कार्य करना भविष्य की पीढ़ियों को भी सही मार्ग दिखाएगा।

कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, लेखाधिकारी अनुराग, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील कुमार राय, सहित निगम के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पार्षद आनंद गौतम, नितिन कुमार, प्रवीण कुमार मुलायम, सुभाष चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए शहरहित में लगातार कार्य करने पर बल दिया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार मुख्यालय के साथझसाथ सभी जोनल कार्यालयों में भी संविधान दिवस कार्यक्रम उत्साह के साथ आयोजित किए गए। जोनल प्रभारियों ने टीमों और कर्मचारियों को प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया तथा संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूक किया।

अध्यापिकाओं द्वारा संविधान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें भारतीय संविधान में महिलाओं की भूमिका पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।

प्रधानाचार्या अंतिमा चौधरी ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार सभी स्कूलों में संविधान दिवस के कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। छात्राओं को संविधान की आधारभूत अवधारणाओं–न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व–के महत्व से अवगत कराया गया तथा संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान का स्मरण किया गया।



### नगर निगम के स्कूलों में रैली, गोष्ठी और प्रतियोगिताएँ

**करंट क्राइम।** नगर निगम संचालित विद्यालयों में भी संविधान दिवस विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्या अंतिमा चौधरी के नेतृत्व में छात्राओं को संविधान की महत्ता, मूल अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में बताया गया। छात्राओं ने दुर्गा भाभी चौक, चंद्रपुरी सहित अन्य क्षेत्रों में भव्य रैली निकाली, जिसमें संविधान के प्रति निष्ठा व जागरूकता का संदेश दिया गया।

# 25 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक चलेगा आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान

## सीएमओ ने कहा–शेष पात्र लाभार्थियों के कार्ड हर हाल में बनाए जाएँ, ब्लॉक-वार और ग्राम-वार होगी निगरानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 25 नवंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिले के शेष पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड ब्लॉक वार और ग्राम वार बनाए जाएंगे।

अभियान के लिए आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, फील्ड लेवल वर्कर, कोटेदार, पंचायत सहायक, स्वयंसेवक एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़े कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। ये सभी कैम्पों की सूचना लाभार्थियों तक पहुँचाने के साथ-साथ कार्ड निर्माण कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। संबंधित टीमें वार्डों, गांवों और मोहल्लों में डुग्गी, मुनादी, लाउडस्पीकर, तथा स्थानीय समाचार पत्रों और रेडियो के माध्यम से जानकारी प्रसारित करेंगी, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

**सीएमओ ने बताया कि** अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज, ग्राम विकास, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, खाद्य एवं रसद, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग सहित कई विभागों का समन्वित सहयोग लिया जाएगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लिंक है: https://beneficiary.nha.gov.inअस्त्रस्त्र से डाउनलोड कर कार्ड बनाया जा सकता है।